भाद्रपद शुक्ल - 1 ▪ संवत 2081 ▪ वर्ष - 20 ▪ अंक - 43 ▪ पृष्ठ - 8 ▪ रु. 5/- बेंगलूरु » बुधवार » 04-09-2024 ▪ www.dakshinbharat.com ▪ Email : news@dakshinbharat.com

दक्षिण भारत राष्ट्रमत

ದಕ್ಷಿಣ ಭಾರತ ರಾಷ್ಟ್ರಮತ | ಹಿಂದಿ ದಿನ ಪತ್ರಿಕೆ | बेंगलूरु और चेन्नई से एक साथ प्रकाशित

5 ध्यान भटकाने की रणनीति के तहत बंगाल में पारित कराया गया बलात्कार रोधी विधेयक : चौहान

6 डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन : भारतीय दर्शन के युग प्रणेता

7 कैमरे का सामना करने के लिए बेहद उत्साहित हूं : सोनम कपूर

फर्स्ट टेक

इस्लामिक स्टेट समूह ने काबुल में हुए आत्मघाती हमले की जिम्मेदारी ली

इस्लामाबाद/एपी। इस्लामिक स्टेट समूह ने काबुल में अभियोजक कार्यालय पर इस हफ्ते हुए आत्मघाती बम विस्फोट की मंगलवार को जिम्मेदारी ली, जिसमें कम से कम छह लोग मारे गए थे और 13 अन्य घायल हुए। समूह ने अपने समाचार मंच 'अमाक' पर एक बयान में कहा कि हमलावर ने विस्फोटक से लैस जैकेट पहनी थी और सोमवार को उसमें विस्फोट कर दिया। बयान के अनुसार, तालिबान सरकार ने अपनी जेलों में जिन लोगों को बंद रखा हुआ है, उसका बदला लेने के लिए यह हमला किया गया। आईएस ने दावा किया कि विस्फोट में 45 लोगों की मौत हो गई।

ट्रेन में यात्रियों से जबरन वसूली के आरोपी 59 किन्नर गिरफ्तार

प्रयागराज (उप्र)/भाषा। रेल यात्रियों से जबरन पैसे वसूलने की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए रेल सुरक्षा बल ने करीब एक पखवाड़े में 59 किन्नरों को गिरफ्तार किया है। उत्तर मध्य रेलवे के जनसंपर्क अधिकारी अमित मालवीय ने बताया कि प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त (आरपीएफ) अमिय नंदन सिन्हा के निरीक्षण में 19 अगस्त से दो सितंबर तक उत्तर मध्य रेलवे के तीनों मंडलों- प्रयागराज, आगरा और झांसी में किन्नरों के विरुद्ध सघन जांच अभियान चलाया गया। उन्होंने बताया कि इस अभियान में रेल अधिनियम 1989 की विभिन्न सुसंगत धाराओं के तहत 59 किन्नरों को गिरफ्तार किया गया जिनसे न्यायालय द्वारा 6,900 रुपये का जुर्माना लगाते हुए 20 किन्नरों को जेल भेजा गया।

त्रिपुरा के दो उग्रवादी गुटों के साथ आज होगा शांति समझौता

नई दिल्ली/एजेन्सी। पूर्वोत्तर क्षेत्र को उग्रवादी हिंसा और संघर्ष से छुटकारा दिलाने के प्रयासों की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रगति के रूप में केंद्र और त्रिपुरा राज्य सरकार के साथ राज्य के दो गुट-नेशनल लिबरेशन फ्रंट ऑफ त्रिपुरा (एनएलएफटी) तथा ऑल त्रिपुरा टाइगर फोर्स (एटीटीएफ) एक समझौता करने पर सहमत हुए हैं। गृह मंत्रालय की मंगलवार को जारी एक विज्ञप्ति के मुताबिक केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह की उपस्थिति में बुधवार को केन्द्र सरकार, त्रिपुरा सरकार, नेशनल लिबरेशन फ्रंट ऑफ त्रिपुरा (एनएलएफटी) और ऑल त्रिपुरा टाइगर फोर्स (एटीटीएफ) के प्रतिनिधि एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर करेंगे। इस दौरान त्रिपुरा के मुख्यमंत्री प्रोफेसर डॉ. माणिक साहा तथा केंद्रीय गृह मंत्रालय और त्रिपुरा सरकार के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहेंगे।

04-09-2024	05-09-2024
सूर्यास्त 6:28 बजे	सूर्योदय 6:08 बजे

BSE	NSE
82,555.44	25,279.85
(-4.41)	(+1.15)

सोना	चांदी
7,531 रु.	86,409 रु.
(24 कैरेट) प्रति ग्राम	प्रति किलो

मिशन मंडेला

दक्षिण भारत राष्ट्रमत

दक्षिण भारत का लोकप्रिय हिन्दी दैनिक

epaper.dakshinbharat.com

कैलाश मण्डेला, मो. 9828233434

सीमा विवाद

क्या कभी खत्म हो पाएंगे,
दुनिया के सब सीमा विवाद।
सारे झगड़ों की जड़ है ये,
इनसे ही है सारे फसाद।
इनके कारण ही सेनाएं,
रक्षा आयुध जंगें जिहाद।
नर सबसे श्रेष्ठ जीव जग का,
तरकीब न कर पाया इजाद।।

शिक्षा प्रणाली में शोध को बढ़ावा दिया जाना चाहिए : राष्ट्रपति मुर्मू

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

पुणे/भाषा। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शिक्षा प्रणाली में शोध को प्रोत्साहित करने की आवश्यकता पर जोर देते हुए मंगलवार को कहा कि भारत में शोधार्थी न केवल देश, बल्कि दुनिया के समक्ष मौजूद समस्याओं का समाधान ढूंढने में भी सक्षम हैं।

राष्ट्रपति मुर्मू ने यहां 'सिम्बायोसिस इंटरनेशनल' (डीम्ड यूनिवर्सिटी) के 21वें दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुये कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 शोध को बढ़ावा देती है। मुर्मू ने छात्रों से उत्कृष्टता प्राप्त करने का आग्रह किया और कहा कि सफलता को धन, बड़ा घर या कार जैसी भौतिक सम्पत्तियों से न जोड़ें। उन्होंने कहा, ''मुझे पूरा विश्वास है कि युवा पीढ़ी देश के विकास के लिए कड़ी मेहनत कर रही है। देश के लोगों में बहुत प्रतिभा और कौशल है। मैं चाहती हूं कि आप समाज की आवश्यकताओं को समझें और अपने ज्ञान का उपयोग करके ऐसे समाधान खोजें जो आम जनता, खासकर हाशिए पर रह रहे लोगों के विकास में मदद कर सकें और जिससे स्थिरता को बढ़ावा मिल सके।'' उन्होंने कहा कि 'स्टार्ट-अप इंडिया', 'स्किल इंडिया' और 'स्टैंड-अप इंडिया' जैसी सरकारी योजनाओं के माध्यम से युवा पीढ़ी अपने लक्ष्यों को प्राप्त कर सकती है। उन्होंने कहा, ''मैं यहां सभी से कहना चाहूंगी कि शिक्षा प्रणाली में शोध को बढ़ावा दिया जाना चाहिए। भारत के शोधार्थी न केवल देश के भीतर बल्कि दुनिया की समस्याओं का समाधान खोजने में सक्षम हैं। राष्ट्रीय शिक्षा नीति में शोध को बढ़ावा दिया गया है।''

राष्ट्रपति ने सिम्बायोसिस विश्वविद्यालय के प्रोफेसर, संकाय सदस्यों और पूर्व छात्रों से शिक्षा प्रणाली में शोध को बढ़ावा देने का आग्रह किया।

महिलाओं के प्रति नजरिये में बदलाव की जरूरत : राष्ट्रपति

मुंबई/भाषा। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मंगलवार को महिलाओं के प्रति नजरिए में बदलाव की जरूरत पर जोर देते हुए कहा कि उनके सामाजिक-आर्थिक और शैक्षिक विकास के बिना देश की प्रगति पूरी तरह से साकार नहीं हो सकती। मुंबई में महाराष्ट्र विधान परिषद के शताब्दी समारोह को संबोधित करते हुए मुर्मू ने कहा कि भारत की आधी आबादी महिलाओं की है और देश को आगे ले जाने के लिए विभिन्न क्षेत्रों में उनकी सक्रिय भागीदारी आवश्यक है। महिलाओं की सामाजिक-आर्थिक और शैक्षिक प्रगति के बिना देश का विकास उस तरह नहीं हो सकता।

पद्म पुरस्कार के लिए सिफारिशें, नामांकन 15 सितंबर तक स्वीकार किए जाएंगे

नई दिल्ली/भाषा। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने मंगलवार को कहा कि 2025 के पद्म पुरस्कारों के लिए नामांकन और सिफारिश की ऑनलाइन प्रक्रिया जारी है और इसके लिए अंतिम तारीख 15 सितंबर है। सभी नागरिक खुद के नामांकन सहित दूसरों के नामांकन के लिए सिफारिश कर सकते हैं। गृह मंत्रालय ने एक बयान में कहा, ''गणतंत्र दिवस, 2025 के अवसर पर घोषित किए जाने वाले पद्म पुरस्कार 2025 के लिए नामांकन/सिफारिशें 01 मई, 2024 से प्रारंभ हो चुकी हैं। पद्म पुरस्कारों के लिए नामांकन की अंतिम तिथि 15 सितंबर, 2024 है।'' मंत्रालय के बयान के अनुसार पद्म पुरस्कारों के लिए नामांकन/सिफारिशें सिर्फ राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल पर ऑनलाइन प्राप्त की जाएंगी। मंत्रालय ने कहा कि पद्म पुरस्कार अर्थात पद्म विभूषण, पद्म भूषण और पद्म श्री, देश के सर्वोच्च नागरिक पुरस्कारों में शामिल हैं। वर्ष 1954 में स्थापित इन पुरस्कारों की घोषणा हर साल गणतंत्र दिवस के अवसर पर की जाती है।

मैसुरु की चामुंडी पहाड़ियों पर धूम्रपान करने, शराब पीने और गुटखा खाने पर प्रतिबंध

मैसुरु/भाषा। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दरामय्या ने मंगलवार को कहा कि यहां चामुंडी पहाड़ियों पर धूम्रपान, शराब पीना या गुटखा और पान खाना पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा और साथ ही इन्हें प्लास्टिक मुक्त भी बनाया जाएगा। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से अगले पांच वर्षों में चामुंडी पहाड़ियों के विकास के लिए एक मास्टर प्लान तैयार करने को भी कहा।

सिद्दरामय्या ने यहां चामुंडेश्वरी क्षेत्र विकास प्राधिकरण की पहली बैठक की अध्यक्षता करने के बाद कहा, चामुंडी पहाड़ियों पर धूम्रपान, शराब पीना या गुटखा और पान खाना पूरी तरह से प्रतिबंधित कर दिया गया है। हमने चामुंडी पहाड़ी को प्लास्टिक मुक्त बनाने का फैसला किया है। पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की तीर्थयात्रा कायाकल्प और आध्यात्मिक संवर्द्धन अभियान (पीआरएएसएडी) योजना को लागू करने के लिए प्राधिकरण से 11 करोड़ रुपये की अतिरिक्त धनराशि जारी की जाएगी और पांच मंदिरों का जीर्णोद्धार किया जाएगा।

बंगाल सरकार ने आरजी कर अस्पताल के पूर्व प्राचार्य को निलंबित किया

कोलकाता/भाषा। पश्चिम बंगाल स्वास्थ्य विभाग ने आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के पूर्व प्राचार्य संदीप घोष को मंगलवार को निलंबित कर दिया। केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने घोष को कथित वित्तीय अनियमितता के लिए एक दिन पहले गिरफ्तार किया था। घोष को अस्पताल के सेमिनार हॉल में नौ अगस्त को महिला चिकित्सक का शव मिलने की घटना के 26 दिन बाद निलंबित कर दिया गया। चिकित्सक के साथ कथित तौर पर बलात्कार के बाद उसकी हत्या कर दी गई थी।

एक आदेश में कहा गया है, आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के पूर्व प्राचार्य प्रोफेसर (डॉ.) संदीप घोष के खिलाफ जारी आपराधिक जांच के मद्देनजर उन्हें तत्काल प्रभाव से निलंबित किया जाता है। घोष के अलावा, सीबीआई ने सोमवार को इसी मामले में तीन अन्य लोगों को भी गिरफ्तार किया था। इनमें घोष का सुरक्षा गार्ड और अस्पताल को सामग्री की आपूर्ति करने वाले दो विक्रेता शामिल हैं।

बंगाल विधानसभा ने दुष्कर्म विरोधी सख्त विधेयक पारित किया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

कोलकाता/एजेन्सी। पश्चिम बंगाल सरकार ने मंगलवार को सर्वसम्मति से सख्त अपराजिता महिला एवं बाल (पश्चिम बंगाल आपराधिक कानून संशोधन) विधेयक, 2024 पारित कर दिया, जिसमें अन्य प्रावधानों के अलावा पीड़िता की मौत की स्थिति में दुष्कर्मी के लिए मृत्युदंड की सिफारिश की गयी है।

विधेयक को विपक्षी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सदस्यों के समर्थन से विधानसभा में पारित किया गया, हालांकि इस दौरान मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने उल्लेख किया कि उत्तर प्रदेश और गुजरात जैसे भाजपा शासित राज्यों में महिलाओं के खिलाफ अपराध की दर अधिक है, जिस पर भाजपा सदस्यों ने जोरदार विरोध जताया।

विधेयक को अब राज्यपाल सी वी आनंद बोस और उसके बाद राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु की मंजूरी के लिए भेजा जायेगा।

मुख्यमंत्री ने इस विधेयक को 'ऐतिहासिक' और पिछले महीने कोलकाता के आर जी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में दुष्कर्म के बाद मार डाली गयी जूनियर डॉक्टर को श्रद्धांजलि बताया।

इसके साथ ही,पश्चिम बंगाल दुष्कर्म और यौन अपराधों से निपटने वाले केंद्रीय कानूनों में संशोधन करने वाला पहला राज्य बन गया है।

मुख्यमंत्री ने अपने जवाब के अंत में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की आलोचना की और उनके इस्तीफे की मांग की। उन्होंने कहा, दुष्कर्म अब राष्ट्रीय शर्म बन गया है। आइए हम सामाजिक सुधार के लिए एक साथ आएं, जो दुष्कर्म को रोकने के लिए जरूरी है।

ब्रुनेई के साथ मजबूत संबंधों की आशा : मोदी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी दो देशों की अपनी यात्रा के पहले चरण में ब्रुनेई पहुंचे।

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बंदर सेरी बेगवान/भाषा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी दो देशों की अपनी यात्रा के पहले चरण में मंगलवार को ब्रुनेई पहुंचे। प्रधानमंत्री ने कहा कि वह ब्रुनेई के साथ मजबूत संबंधों, विशेषकर वाणिज्यिक और सांस्कृतिक संबंधों को बढ़ावा देने के लिए उत्सुक हैं।

मोदी द्विपक्षीय यात्रा पर ब्रुनेई आने वाले पहले भारतीय प्रधानमंत्री हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि वह दोनों देशों के बीच ऐतिहासिक संबंधों को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए सुल्तान हाजी हसनअल बोल्किया और शाही परिवार के अन्य सदस्यों के साथ अपनी बैठकों को लेकर उत्सुक हैं। प्रधानमंत्री मोदी का हवाई अड्डे पर शहजादे अल-मुहतदी बिल्लाह ने स्वागत किया। मोदी को हवाई अड्डे पर 'गार्ड ऑफ ऑनर' भी प्रदान किया गया।

मोदी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''हमारे देशों के बीच मजबूत संबंधों, खासकर वाणिज्यिक और सांस्कृतिक संबंधों को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। मैं हवाई अड्डे पर मेरा स्वागत करने के लिए 'क्राउन प्रिंस' हाजी अल-मुहतदी बिल्लाह को धन्यवाद देता हूं।''

मोदी बुधवार को ब्रुनेई से सिंगापुर जाएंगे।

मोदी ने ब्रुनेई में उमर अली सैफुद्दीन मस्जिद भी गये, जिसे वर्तमान सुल्तान के पिता ने बनवाया था। उन्होंने भारतीय उच्चायोग में नए 'चांसरी' परिसर का भी उद्घाटन किया। दोनों जगहों पर उन्होंने भारतीय प्रवासियों से बातचीत की।

धार्मिक मामलों के मंत्री पेहिन दातो उस्ताज अवांग बदरुद्दीन ने मस्जिद में प्रधानमंत्री का स्वागत किया। मोदी ने मस्जिद के इतिहास को दर्शाने वाला एक वीडियो भी देखा। इस दौरान स्वास्थ्य मंत्री मोहम्मद ईशाम भी उपस्थित थे। मोदी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''ब्रुनेई में उमर अली सैफुद्दीन मस्जिद गया।''

आरजी कर अस्पताल की घटना

13 किलोमीटर लंबी मानव श्रृंखला बनाई गई

कोलकाता/भाषा। आर जी कर अस्पताल की मृत महिला चिकित्सक के लिए न्याय की मांग करते हुए, निजी अस्पतालों के डॉक्टरों और पैरामेडिकल कर्मियों सहित हजारों लोगों ने मंगलवार को शहर की मुख्य सड़क पर 13 किलोमीटर लंबी मानव श्रृंखला बनाई। हाल के वर्षों में शहर के इतिहास में यह एक अभूतपूर्व घटना है। मानव श्रृंखला में भाग लेने वाले लोग उल्टाडांगा और पाटुली के बीच ईस्टर्न मेट्रोपोलिटन बाईपास के डिवाइडर पर खड़े हुए। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि प्रदर्शनकारियों ने शाम पांच बजे से एक घंटे तक सड़क पर रहने के दौरान क्रॉसिंग को बाधित नहीं किया, इसलिए विरोध जताने के इस तरीके से व्यस्त सड़क पर वाहनों की आवाजाही प्रभावित नहीं हुई और सैकड़ों वाहन बिना किसी रुकावट के चलते रहे।

कांगो में जेल तोड़कर भागने की कोशिश के दौरान 129 कैदियों की मौत

किंशासा (कांगो)/एपी। कांगो की राजधानी में एक मुख्य बंदीगृह को तोड़कर भागने की कोशिश के दौरान 129 कैदियों की मौत हो गई। इनमें से ज्यादातर की जान भगदड़ में गई। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। कांगो के गृह मंत्री जैकमिन शबानी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर कहा कि शुरुआती अनुमान के अनुसार, सोमवार की सुबह किंशासा में क्षमता से अधिक कैदियों वाली मकाला जेल से भागने की कोशिश कर रहे कैदियों को ''चेतावनी'' देने के लिए सुरक्षा बलों द्वारा चलाई गई गोली से 24 कैदियों की मौत हुई। उन्होंने बताया, ''घटना में 59 लोग घायल हुए हैं जिनका सरकार इलाज करा रही है। साथ ही महिलाओं से बलात्कार के भी कुछ मामले सामने आए हैं।''

पुतिन मंगोलिया पहुंचे, गिरफ्तारी वारंट के बावजूद हुआ भव्य स्वागत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

उलानबटार (मंगोलिया)/एपी। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन मंगलवार को मंगोलिया पहुंचे, जहां उनकी गिरफ्तारी के लिए जारी अंतरराष्ट्रीय वारंट के बावजूद उनका भव्य स्वागत किया गया। यूक्रेन पर मॉस्को के आक्रमण के दौरान हुए कथित युद्ध अपराधों को लेकर पुतिन के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय वारंट जारी किया गया था। द हेग स्थित अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायालय (आईसीसी) द्वारा लगभग 18 महीने पहले गिरफ्तारी वारंट जारी किए जाने के बाद यह पुतिन की आईसीसी के किसी सदस्य देश की पहली यात्रा है।

पुतिन की यात्रा से पहले यूक्रेन ने मंगोलिया से रूसी राष्ट्रपति को आईसीसी के हवाले करने का आह्वान किया था। वहीं, यूरोपीय संघ (ईयू) ने आशंका जताई कि मंगोलिया गिरफ्तारी वारंट पर अमल नहीं करेगा। ईयू ने कहा कि उसने मंगोलियाई प्राधिकारियों को इस संबंध में अपनी चिंताओं से अवगत करा दिया है।

पुतिन के एक प्रवक्ता ने पिछले हफ्ते कहा था कि क्रेमलिन (रूस के राष्ट्रपति का आधिकारिक आवास) वारंट को लेकर चिंतित नहीं है। पुतिन की यात्रा ने मंगोलिया को असहज स्थिति में ला खड़ा किया है। गिरफ्तारी वारंट जारी किए जाने की सूरत में आईसीसी के सदस्य देश उक्त व्यक्ति को गिरफ्तार करने के लिए बाध्य होते हैं।

यूक्रेन के पोल्टावा शहर में रूस के मिसाइल हमलों में 50 लोगों की मौत, 200 लोग घायल

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

कीव/एपी। रूस ने दो बैलिस्टिक मिसाइल दागकर मध्य-पूर्वी यूक्रेन स्थित एक सैन्य प्रशिक्षण प्रतिष्ठान तथा नजदीकी अस्पताल पर हमला किया, जिसमें कम से कम 50 लोग मारे गए और 200 से अधिक घायल हो गए। यूक्रेन के दो अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

अधिकारियों ने बताया कि यह हमला पोल्टावा शहर में हुआ।

पोल्टावा रूस की सीमा से लगभग 110 किलोमीटर (70 मील) और कीव से करीब 350 किलोमीटर (200 मील) दक्षिण-पूर्व में स्थित है।

यह शहर राजधानी कीव और यूक्रेन के दूसरे सबसे बड़े शहर खारकीव के बीच मुख्य राजमार्ग और रेल मार्ग पर स्थित है।

रूस-यूक्रेन के बीच 24 फरवरी, 2022 को युद्ध शुरू होने के बाद से यह हमला रूसी सेना द्वारा किए गए सबसे घातक हमलों में से एक प्रतीत होता है।

यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने अपने टेलीग्राम चैनल पर पोस्ट किए गए एक वीडियो में कहा, ''संचार संस्थान की इमारतों में से एक (पोल्टावा मिलिटरी) आंशिक रूप से नष्ट हो गई। लोग मलबे में दब गए। कई लोगों को बचा लिया गया।'' उन्होंने कहा, ''बचाव अभियान में सभी आवश्यक सेवाएं शामिल हैं।''

जेलेंस्की ने कहा कि जो कुछ हुआ उसकी उन्होंने ''पूर्ण और त्वरित जांच'' के आदेश दिए हैं।

यूक्रेन के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि हवाई हमले की चेतावनी जारी होने के तुरंत बाद मिसाइलों से तब हमला हुआ जब कई लोग आश्रय के लिए बंकरों की ओर जा रहे थे। मंत्रालय ने इस हमले को ''बर्बर'' करार दिया।

रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि बचाव दल और चिकित्सकों ने 25 लोगों को बचाया, जिनमें से 11 लोगों को मलबे से बाहर निकाला गया।

पोल्टावा के गवर्नर फिलिप प्रोनिन ने बुधवार से तीन दिन के शोक की घोषणा की है। उन्होंने मृतकों की संख्या की घोषणा की और कहा कि हमले में 219 लोग घाय ल हो गए। उन्होंने कहा कि 18 लोग अभी भी मलबे में दबे हो सकते हैं।

अभिनव सामायिक

दक्षिण भारत राष्ट्रमत

हुब्बल्ली के तेरापंथ युवक परिषद द्वारा तेरापंथ भवन में साध्वीश्री कुसुमप्रज्ञाजी व जिज्ञासाप्रज्ञाजी निश्रा में अभिनव सामायिक कार्यशाला का आयाजेन किया जिसमें बड़ी संख्या में युवाओं ने भाग लिया। समणी कुसुमप्रज्ञाजी ने उपस्थित सभी को अभिनव सामयिक करवाई और प्रेक्षाध्यान जप सामायिक का महत्व बताते हुए सबको रोजाना सामायिक करने की प्रेरणा दी।

गजसुकुमाल मुनि की सहनशीलता अनुमोदनीय है : बसंतमुनि

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। शहर के शूले स्थित उपाध्याय केवलमुनि जैनोदय ट्रस्ट भवन में चातुर्मासार्थ विराजित संतश्री बसंतमुनिजी ने अंतगढ़ सूत्र का विवेचन करते हुए बताया कि अरिष्टनेमी तीर्थंकर से कृष्ण महाराज के पुत्र गजसुकुमाल मुनि ने दीक्षा ली। दीक्षा के प्रथम दिन ही गजसुकुमाल मुनि ने महाकाल श्मशान में जाकर साधु की प्रतिज्ञा स्वीकार की। अपने पूर्व जन्म के वैर के कारण सोमिल ब्राह्मण ने ध्यानस्थ मुद्रा में खड़े गजसुकुमाल मुनि के सर पर धधकते अंगारे डाल दिये। मुनिश्री बहुत ही समभाव से उस वेदना को सहन कर सिद्ध बुद्ध और मुक्त हुए। महावीर रांका और गौतम नंदावत ने पर्युषण की महत्ता पर प्रकाश डाला। स्वाध्यायी धर्मीचंद बाफना ने कहा कि पांच इन्द्रियों के 23 विषय और उसके 240 विकार से आसक्ति घटाने का अवसर है पर्युषण पर्व। कार्यक्रम का संचालन ट्रस्ट के महामंत्री प्रेमकुमार कोठारी ने करते हुए अष्ट दिवसीय पर्युषण पर्व आराधना की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि रोज दोपहर को शास्त्र वाचन के अलावा विभिन्न धार्मिक प्रतियोगिताएं हो रही है। संस्कार महिला मंडल शूले की पूर्व अध्यक्ष आशा गादिया ने संयोजन में आयोजित गायन और प्रश्न मंच के अलावा धार्मिक अंताक्षरी का आयोजन किया जा रहा है।

पर्युषण पर्व पर रत्न हितैषी श्रावक संघ में अनेक आयोजन व मानवसेवी कार्य

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। स्थानीय जैन रत्न हितैषी श्रावक संघ कर्नाटक के नेतृत्व में महासतीजी सुमतिप्रभाजी के सान्निध्य में पर्युषण महापर्व की साधना रत्नसंघ, महिला मंडल और युवक मंडल के तत्वावधान में जैन रत्न स्वाध्याय भवन ,राजाजीनगर में जारी हैं । पर्युषण के मौके पर नाटिका के माध्यम से रत्न संघ के आज तक के आचार्य / गुरु भगवंतों की जीवनी पर रोशनी डाली गई। रत्न संघ के प्रचार प्रसार मंत्री सज्जन राज मेहता ने बताया कि अध्यक्ष नरेन्द्र भण्डारी ने सभी कास्वागत किया। महिला मंडल की अध्यक्षा वनिता मरलेचा ने कार्यक्रमों की जानकारी दी। तीनों संघ के वरिष्ठ , कार्यकारिणी सदस्यों और 350 लोगों ने रत्नसंघ, महिला मण्डल और युवक संघ के त्रिवेणी संगम की इस अभिनव प्रस्तुति की सराहना की। करीब 50 कलाकारों ने साधु-साध्वी ,श्रावक-श्राविकाओं का अभिनय किया और संवाद किया। युवक मंडल के अध्यक्ष मनीष सांखला ने बताया कि आचार्य हस्ती सेवा फण्ड के अन्तर्गत पर्युषण पर्व के आठों दिन सेवा के अनुपम आयोजनों के तहत रविवार को जेएमजे ओल्ड एज होम ट्रस्ट, बधेवरनगर में व आश्रय सेवा ट्रस्ट ओल्ड एज होम, राजाजीनगर में राशन एवं दैनिक आवश्यक वस्तु दी गई। इस कार्य में मनीष सांखला, प्रमोद सिंघवी, अनिल मेहता,निखिल गुंदेचा, मनीष बम्ब,यशवंत खींचा आदि ने व्यवस्था संभाली।

तीन दिवसीय निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

बेंगलूरु/दक्षिण भारत। शहर के विजय संभव फांउडेशन एवं रामकृष्ण चैरिटेबल ट्रस्ट ने नेलमंगला स्थित परिपूर्ण सनातन आयुर्वेद मेडिकल कॉलेज अस्पताल एवं अनुसंधान केंद्र में तीन दिवसीय निशुल्क स्वास्थ शिविर का आयोजन किया। शिविर में कॉलेज के फाउंडर और मैनेजिंग ट्रस्टी प्रो. डॉ. एवी श्रीनिवासनस्वामीजी विशेष रुप से उपस्थित थे। शिविर में वेलनैस चैंपियन हॉस्पिटल, कावेरी हॉस्पिटल, आलोका विजन प्रोग्राम, रामकृष्ण चैरिटेबल ट्रस्ट ने सैंकड़ों लोगों की विभिन्न स्वास्थ्य जांच की तथा परामर्श दिया गया। इस शिविर में निशुल्क नेत्र परीक्षण, चश्मे की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई।

फाउंडेशन के अध्यक्ष रवि राजहंस, रामकृष्ण चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉक्टर राममोहन भट्ट, हॉस्पिटल के विपणन प्रबंधक गौतमसिंह का सम्मान किया गया।

दक्षिण भारत राष्ट्रमत

रक्तदान शिविर

मानव सेवा कार्यों की श्रृंखला में कर्नाटक मारवाड़ी यूथ फेडरेशन एवं संकल्प इंडिया फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में अत्तिबेले इन्डस्ट्रियल एरिया में मिछेल बेअरिंग एवं ब्रिटिश इंजिन्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के प्रांगण में निशुल्क रक्तदान शिविर में 60 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। शिविर में अरविंद मालपानी, मृदुला मालपानी, रणजीत, मुनिराज शास्त्री जी एवं केएमवाईएफ के राहुल मेहता उपस्थित थे।

वी सतीश कुमार ने इंडियन ऑयल के अध्यक्ष का अतिरिक्त प्रभार ग्रहण किया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com3

बेंगलूरु। वी सतीश कुमार ने इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन के अध्यक्ष के रूप में पदभार ग्रहण किया है। वे अक्टूबर 2021 से इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लि. के विपणन प्रभाग के निदेशक के रूप में कार्यरत हैं। अब उन्होंने अध्यक्ष का अतिरिक्त प्रभार ग्रहण किया है।

उन्होंने अक्टूबर 2022 से एक वर्ष की अवधि के लिए निदेशक (वित्त) के रूप में अतिरिक्त प्रभार संभाला था। वह यूक्रेन-रूस संघर्ष के कारण भू-राजनीतिक तनाव का समय था। उन्होंने उस दौरान अपने करियर में चुनौतियों को कुशलतापूर्वक संभाला। सतीश कुमार ने अपने 35 साल के करियर में देशभर के विभिन्न क्षेत्रों में महत्त्वपूर्ण पदों पर काम किया है। उनके कार्यकाल के दौरान इंडियन ऑयल को खुदरा प्रतिष्ठानों के साथ नया रूप मिला। उन्होंने रसोई गैस उपभोक्ताओं को सीधे हस्तांतरण, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना जैसी योजनाओं के प्रभावी कार्यान्वयन में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

साधु का प्रथम धर्म क्षमा ही है : विनयमुनि

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। शहर के गणेश बाग शिवाजीनगर में चातुर्मासार्थ विराजित शिविराचार्य विनयमुनिजी खींचन ने अंतगढ़ सूत्र की विवेचना करते हुए कहा कि आठवाँ अंग सूत्र है अन्तगड सूत्र। स्थानकवासी परम्परा के अनुसारअन्तगड सूत्र पर्युषण पर्व पर सुनाया जाता है। इसमें दो तीर्थंकरों के शासनकाल में 90 आत्माओं के मुक्ति गमन का वर्णन है। अन्तगड सूत्र की शिक्षाएँ है कि युवावस्था धर्म (चारित्र) का श्रेष्ठ समय है। पूर्व भवों के संस्कार साथ आते हैं। स्त्री जाति भी श्रेष्ठ तप-आराधना कर सकती है। अन्तगड सूत्र के आधार पर यौवनावस्था में समय, समझ एवं शक्ति तीनों का उत्कृष्ट काल होता है जिसका सदुपयोग करना चाहिए। बिना संयम का जीवन ज्ञानियों की दृष्टि से प्रशंसनीय नहीं माना गया है। संयम ही जीवन है, असंयम सबसे बड़ा शत्रु है।

भौतिक साधनों की इच्छाएँ कम होना ही जीवन का सार है। बदला लेने वाले के बजाय क्षमा करने वाला महान होता है। क्षमा को धारण करने से सहन शक्ति एवं धैर्य की बढ़ोतरी होती है तथा क्लेश एवं संघर्ष की कमी होती है। साधु का प्रथम धर्म क्षमा ही है। संघ प्रवक्ता राजू सकलेचा ने सभी का स्वागत किया। महामंत्री संपतराज मांडोत ने धन्यवाद दिया। दोपहर में श्री विनयमुनिजी खींचन ने कल्प सूत्र का वांचन किया।

सिल्क साड़ी बरामद

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। बेंगलूरु के जेपीनगर पुलिस ने चार महिलाओं को पकड़कर उनके पास से 38 कीमती सिल्क साडीज बरामद की है। यह महिलाओं का एक गैंग बड़े बड़े शो रूम में घुसता था और साड़ी दिखने के बहाने वहां से साड़ी चोरी कर निकल जाता था। 25 अगस्त को एक दुकान में रंगे हाथ पकड़े जाने के बाद पुलिस ने इन्हें गिरफ्तार किया और इनके पास से 17.5 लाख रुपए की साड़ी बरामद की जिसमें एक साड़ी डेढ लाख रुपए मूल्य की है।

पुलिस गैंग के अन्य सदस्यों की तलाश कर रही है। मंगलवार को बेंगलूरु पुलिस आयुक्त कार्यालय में जब्त की गई साड़ियों को देखते हुए पुलिस आयुक्त बी. दयानंद।

'जीतो' नार्थ के युवा विंग ने किया दो फैक्टरियों का औद्योगिक भम्रण

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। शहर के जीतो चैप्टर बेंगलूरु नॉर्थ के अंतर्गत जीतो यूथ विंग द्वारा एक दिवसीय औद्योगिक यात्रा का आयोजन शूलगिरि व होसूर स्थित सिंपल एनर्जी फैक्ट्री और फतेह स्टोन्स इंटरनेशनल में अध्यक्ष मनीष कोठारी के नेतृत्व में किया गया।

सिंपल एनर्जी की निदेशिका शिखा हरण भंडारी व सह-संस्थापक श्रेष्ठ मिश्रा ने जीतो युवाओं का स्वागत किया। उन्होंने सभी को मोटर असेंबली और बैटरी असेंबली इकाइयों का विस्तृत दौरा करवाते हुए बैटरियों व इलेक्ट्रिक

वाहनों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। यात्रा के अगले पड़ाव फ़तेह स्टोन्स इंटरनेशनल में मालिक दिनेश बोहरा ने युवाओं को कच्चे पत्थर की खरीद से लेकर अंतिम डिलीवरी तक ग्रेनाइट उत्पादन की पूरी प्रक्रिया से अवगत कराया। यात्रा के समापन पर सिंपल एनर्जी के श्रेष्ठ मिश्रा, शिखा हरण भंडारी व फतेह स्टोन्स इंटरनेशनल के निदेशक और जीतो साउथ चैप्टर के अध्यक्ष दिनेश बोहरा साथ चर्चा-परिचर्चा कार्यक्रम आयोजित हुआ। आयोजन में संयोजक अक्षय दक, सहसंयोजक आशीष तपरावत, उपाध्यक्ष निशांत जैन, मुख्य सचिव ख़ुशी पोरवाल का विशेष सहयोग रहा।

तेजबीर सिंह ने वायुसेना के मुख्यालय प्रशिक्षण कमान में एसएएसओ का पदभार संभाला

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। एयर मार्शल तेजबीर सिंह ने भारतीय वायुसेना के प्रशिक्षण कमान में वरिष्ठ एयर स्टाफ अधिकारी (एसएएसओ) का पदभार ग्रहण किया। एयर मार्शल को दिसंबर 1988 में भारतीय वायुसेना की उड़ान शाखा में कमीशन दिया गया था। उन्होंने सभी लड़ाकू एयरलिफ्ट भूमिकाओं में 7,000 घंटे से अधिक उड़ान भरी है। वायु अधिकारी रॉयल कॉलेज ऑफ डिफेंस स्टडीज, यूके के पूर्व छात्र भी हैं।

उन्होंने 36 वर्षों से अधिक के अपने करियर के दौरान बांग्लादेश में एयर अताशे सहित विभिन्न महत्त्वपूर्ण कमांड और स्टाफ पदों पर कार्य किया है। उन्होंने राष्ट्रीय रक्षा कॉलेज, नई दिल्ली में वरिष्ठ निर्देशन स्टाफ (वायु) के पद पर भी कार्य किया है। एयर मार्शल तेजबीर सिंह भारतीय वायुसेना में 'सी-130जे सुपर हरक्यूलिस' विमान को शामिल करने और संयुक्त अभियानों के उद्देश्य से पहली 'स्पेशल ऑप्स' स्क्वाड्रन की स्थापना में अग्रणी रहे हैं। उन्हें 'सुपर हरक्यूलिस' पर विभिन्न परीक्षणों का श्रेय दिया जाता है, जिसमें लद्दाख के दौलत बेग

ओल्डी में 16614 फीट की ऊंचाई पर दुनिया की सबसे ऊंची हवाई पट्टी पर उतरने का रिकॉर्ड रखने का गौरव भी शामिल है। वे भारतीय वायुसेना में उड़ान प्रशिक्षक के रूप में तथा प्रमुख उड़ान प्रशिक्षण प्रतिष्ठान, येलहंका वायुसेना स्टेशन में एयर ऑफिसर कमांडिंग के रूप में प्रशिक्षण से जुड़े रहे हैं। वायुसेना अधिकारी ने उत्तरी क्षेत्र को सहायता उपलब्ध कराने वाले एक महत्त्वपूर्ण एयरबेस की भी कमान संभाली है। वे वायुसेना मुख्यालय में राष्ट्र निर्माण के विभिन्न कार्यों और अंतरराष्ट्रीय तैनाती में सहयोग देने सहित हवाई गतिशीलता के कार्यों के लिए जिम्मेदार थे। एयर मार्शल को राष्ट्रपति द्वारा साल 2010 में वायुसेना मेडल और साल 2018 में अति विशिष्ट सेवा पदक से सम्मानित किया गया था।

राजलक्ष्मी मेनन डीआरडीओ की नई महानिदेशक (एयरो) बनीं

बेंगलूरु। के. राजलक्ष्मी मेनन ने रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) की महानिदेशक (एयरो) के रूप में कार्यभार संभाल लिया है तथा उन्हें इसके साथ ही सेंटर फॉर एयरबोर्न सिस्टम्स (सीएबीएस) की निदेशक का अतिरिक्त प्रभार भी दिया गया है। मंगलवार को एक आधिकारिक बयान में कहा गया, डॉ के राजलक्ष्मी मेनन महानिदेशक (एयरो) के रूप में अब एयरो क्लस्टर के तहत सभी कार्यक्रमों के लिए जिम्मेदार होंगी जो उनके रचनात्मक नेतृत्व में काम करेंगे। मेनन ने पुणे विश्वविद्यालय से कंप्यूटर विज्ञान में एमएससी करने के बाद 1988 में सीएबीएस (पूर्व में एएसडब्ल्यूएसी) में वैज्ञानिक-बी के रूप में डीआरडीओ में काम करना शुरू किया था। बयान में कहा गया है कि उन्होंने भारतीय विज्ञान संस्थान के एयरोस्पेस इंजीनियरिंग विभाग से इंजीनियरिंग में स्नातकोत्तर और पीएचडी की उपाधि प्राप्त की। मेनन ने 'एयरबॉर्न सर्विलांस सिस्टम' के बनने और विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।

सरकार ने डेंगू को महामारी के रूप में अधिसूचित किया

बेंगलूरु। कर्नाटक सरकार ने डेंगू को 'महामारी' के रूप में अधिसूचित करते हुए नए नियम लागू किए हैं। इन नियमों के तहत अधिकारी आदेशों का पालन नहीं करने वाले और मच्छरों के प्रजनन को रोकने के लिए उपाय करने में विफल लोगों को दंडित कर सकते हैं। एक सरकारी अधिसूचना में कहा गया है, कर्नाटक महामारी रोग अधिनियम, 2020 (कर्नाटक अधिनियम 26, 2020) की धारा तीन द्वारा प्रदत्त शक्ति का प्रयोग करते हुए, कर्नाटक सरकार 'डेंगू' को कर्नाटक राज्य में एक महामारी के रूप में अधिसूचित करती है।

मैढ़ क्षत्रिय स्वर्णकार समाज के स्नेह मिलन में हुआ मेधावियों का सम्मान

बेंगलूरु/दक्षिण भारत । कर्नाटक राज्य मैढ़ क्षत्रिय स्वर्णकार समाज का दो दिवसीय पारिवारिक स्नेह मिलन, साधारण सभा व युवक युवती परिचय मिलन बागलकोट में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षा मुरलीधर कड़ेल ने की। मंच संचालन करते हुए प्रकाश सणकत ने सभी का स्वागत किया। असम राज्य के भाजपा प्रभारी व मैढ़ फ़ाउंडेशन के संस्थापक अध्यक्ष सोहनलाल कडेल ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। महामंत्री मनोज कुमार सारड़ीवाल ने आय व्यय का विवरण व मंत्री प्रतिवेदन पेश किया। इस मौके पर समाज के मेधावी छात्र एवं छात्राओं का सम्मान किया गया। मंच पर महिला उपाध्यक्ष मैना वर्मा अग्रोया, मैढ़ फाउंडेशन के महामंत्री रितू जरगर, किशन मंडन, सज्जन लावट, हरीश खजवानियां, बालचन्द डासनियां, विष्णु सुंडालिया आदि उपस्थित थे। इस आयोजन में विवाह योग्य युवक युवती का परिचय सम्मेलन हुआ तथा महिलाओं एवं बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किए गए।

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
बेंगलूरु क्लासीफाइड
बिकाऊ
FLATS FOR SALE
DNR HIGHLINE
@ OKALIPURAM
near LULU Mall
Rajajinagar
Centre of the City
3 & 4 Bedroom
FLATS with 7 Star
Luxurious Amenities
Only Few Flats
available for Sale
Contact : 9844027560

फ्लाईओवर से कार नीचे गिरी, एक की मौत चार घायल

बेंगलूरु। मंगलवार को तड़के हुए भीषण सड़क हादसे में एक तेज रफ्तार कार ने एक बाइक से टकराकर डिवाइडर से टकराते हुए फ्लाईओवर से नीचे गिरकर चकनाचूर हो गई।

इस दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हुए पांच लोगों में एक युवक की मौत हो गई। ट्रैफिक डीसीपी सिरिगौरी ने बताया कि मंगलवार अल्लसुबह 3.45 बजे हुए हादसे में घायल एक शख्स की इलाज के अभाव में मौत हो गई।

गणेश उत्सव

देश भर में 7 सितम्बर को गणेश चतुर्थी का उत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। इस उत्सव की तैयारी के लिए श्रद्धालु अपने अपने घर में विराजित होने वाली गणेश प्रतिमाएं और पांडाल में स्थापित होने वाली गणेश प्रतिमाओं को ले जा रहे हैं। त्यौहार के चलते सभी जगह उत्साह का माहौल है। बेंगलूरु में मंगलवार को अपनी प्रतिमाएं को चुनते हुए श्रद्धालु।

चामुंडेश्वरी क्षेत्र विकास प्राधिकरण की बैठक न्यायालय के निर्णय के अनुसार है : सिद्दरामय्या

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

मैसूरु। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दरामय्या ने मंगलवार को कहा कि न्यायालय द्वारा स्थगन आदेश हटाने के निर्णय के आधार पर श्री चामुंडेश्वरी क्षेत्र विकास प्राधिकरण की बैठक आयोजित करने की कार्रवाई की गई है। उन्होंने बताया कि सरकार ने श्री चामुंडेश्वरी क्षेत्र विकास प्राधिकरण का गठन किया है, जिसके लिए राजमाते प्रमोददेवी ने न्यायालय से स्थगन मांगा था। स्थगन आदेश 22 अगस्त को हटा दिया गया। वे मैसूरु स्थित अपने आवास पर मीडिया से बातचीत कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्थगन आदेश हटने के बाद प्राधिकरण की पहली बैठक बुलाई गई है।

मीडिया द्वारा पूछे गए इस सवाल पर कि राजमाते प्रमोददेवी और सांसद यदुवीर ने प्रबंधन बोर्ड के सचिव को पत्र लिखकर बैठक आयोजित करने को अवैध बताया है, मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि प्रबंधन बोर्ड हमेशा से ही सरकारी नियंत्रण में रहा है। उन्होंने कहा कि पहले भी सरकार ही सदस्यों और अध्यक्ष की नियुक्ति करती थी।

'कोविड भ्रष्टाचार' रिपोर्ट पर होगी चर्चा

'कोविड भ्रष्टाचार' से संबंधित रिपोर्ट पर चर्चा करने और कार्रवाई करने के लिए गुरुवार को कैबिनेट की बैठक बुलाई गई है। मुख्यमंत्री ने राजनीतिक मंशा के आरोपों से इन्कार किया और आश्वासन दिया कि गलत काम करने वालों के खिलाफ रिपोर्ट के निष्कर्षों के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

सांसद सुधाकर के इस बयान पर कि रिपोर्ट राजनीतिक उद्देश्य से लाई गई है, मुख्यमंत्री ने सवाल किया कि वे यह क्यों मान रहे हैं कि यह उन्हीं की रिपोर्ट है? मुख्यमंत्री ने कहा, 'उन्हें रिपोर्ट के बारे में कोई जानकारी नहीं है, इसलिए वे चिंतित हैं, क्योंकि उन्होंने कुछ गलत किया है। रिपोर्ट का खुलासा नहीं किया गया है। उनके बयान से उनकी मानसिक स्थिति का पता चलता है।' इस सवाल का जवाब देते हुए कि क्या कथित घोटाले में 7,000 करोड़ रुपए की हेराफेरी की गई है, मुख्यमंत्री ने दोहराया कि उन्हें रिपोर्ट का ब्योरा नहीं पता है।

गलत काम करने वालों पर कार्रवाई

सरकार द्वारा पूर्व एमयूडीए आयुक्त दिनेश कुमार को निलंबित किए जाने के बारे में उन्होंने स्पष्ट किया कि शहरी विकास विभाग ने उन्हें निलंबित किया है।

इस सवाल पर कि केवल एक व्यक्ति को निलंबित किया गया है, जबकि दो आयुक्तों के खिलाफ आरोप हैं, मुख्यमंत्री ने कहा कि एक आयोग गठित किया गया है और गलत काम करने वालों के खिलाफ रिपोर्ट के अनुसार कार्रवाई की जाएगी। पत्रकारों के इस सवाल का जवाब देते हुए कि निलंबन आदेश में कहा गया है कि साल 2009 से पहले गठित लेआउट पर 50:50 अनुपात लागू नहीं है, लेकिन इसे लागू किया गया है, उन्होंने कहा कि उन्हें इस बारे में कोई जानकारी नहीं है।

केंद्रीय मंत्री सोमन्ना ने रायचूर रेलवे स्टेशन का दौरा कर कार्यों का निरीक्षण किया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

रायचूर। भारत सरकार के रेल मंत्रालय और जल शक्ति मंत्रालय के राज्य मंत्री वी. सोमन्ना ने रायचूर सिटी रेलवे स्टेशन का दौरा किया और भारत स्टेशन के काम का निरीक्षण किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि कार्य गुणवत्ता के साथ तय समय सीमा के अंदर पूरा किया जाये. शहर की मांग के अनुसार रेलवे स्टेशनों का बुनियादी ढांचा बढ़ाया जाएगा और यात्रियों की सुविधा, सुविधा और सुरक्षा को प्राथमिकता दी जाएगी। वहां पार्किंग, बच्चों के लिए खेल क्षेत्र, स्थानीय उत्पादों के प्रदर्शन और बिक्री के लिए जगह होगी, उन्होंने उस स्थान पर रेलवे अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि जनता से कोई दूरी न हो।

संबंधित रेलवे डीआरएम को संबंधित निर्वाचन क्षेत्रों के भीतर जन प्रतिनिधियों की एक सलाहकार समिति बनानी चाहिए और स्थानीय स्तर पर चर्चा कर कुछ निर्णय लेना चाहिए। यदि उनसे सुझाव प्राप्त होंगे तो लोगों को अधिक लाभ पहुंचाने वाले कार्यक्रम बनाना संभव हो सकेगा, इस पर उन्होंने कार्य करने के निर्देश दिये। इसी अवसर पर रायचूर शहर निर्वाचन क्षेत्र के विधायक डॉ. शिवराज एस. पाटिल, पूर्व विधायक के. शिवन गौड़ा नायक, बसाना गौड़ा बागवत, गंगाधर नायक और रेलवे विभाग के विभिन्न अधिकारी, रेलवे पुलिस अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे।

रायचूर के सिरावर में जालापुरा कैंप आंगनवाड़ी केंद्र में राज्य स्तरीय 2024-25 'पोषण मसान' कार्यक्रम में भाग लेते हुए एकीकृत बाल विकास योजना के लाभार्थियों से बातचीत की। इस अवसर पर विधायक जी मानवी. हंपैया नाइक, पूर्व सांसद, पूर्व विधायक और जिला कलेक्टर उपस्थित थे।

'चिंतित या तनावग्रस्त नहीं हूं', मैंने कुछ गलत नहीं किया है : सिद्दरामय्या

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

मैसूरु। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दरामय्या ने मंगलवार को कहा कि मैसूरु शहरी विकास प्राधिकरण (एमयूडीए) स्थल आवंटन मामले में उनके खिलाफ अभियोजन के लिए राज्यपाल की मंजूरी के बाद वह ''चिंतित या तनावग्रस्त नहीं हैं'' क्योंकि उन्होंने कोई गलत काम नहीं किया है। विपक्षी नेताओं पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि वे इस बात से चिंतित हैं कि उनके (मुख्यमंत्री के) खिलाफ झूठ सच न हो जाए।

सिद्दरामय्या ने यहां पत्रकारों के सवालों के जवाब में कहा, विपक्ष ने झूठ बोला है और वे इसे सच साबित न होने को लेकर चिंतित हैं। मैंने कभी झूठ नहीं बोला और न ही कोई गलत काम किया है, इसलिए मैं चिंतित नहीं हूं। उनसे पूछा गया था कि वह शांत दिख रहे हैं, जबकि विपक्ष दावा कर रहा है कि सिद्दरामय्या तनावग्रस्त और चिंतित हैं।

कर्नाटक उच्च न्यायालय ने सोमवार को मुडा मामले में मुख्यमंत्री सिद्दरामय्या के खिलाफ निचली अदालत की कार्यवाही पर अंतरिम रोक नौ सितंबर तक बढ़ा दी। उच्च न्यायालय ने मामले में उनके खिलाफ अभियोजन के लिए राज्यपाल थावरचंद गहलोत की मंजूरी की वैधता को चुनौती देने वाली सिद्दरामय्या की याचिका पर सुनवाई एक सप्ताह के लिए स्थगित कर दी। राज्यपाल ने 16 अगस्त को भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 की धारा 17ए और भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 218 के तहत प्रदीप कुमार एस पी, टी जे अब्राहम और स्नेहमयी कृष्णा की याचिकाओं में उल्लिखित आरोपों के संदर्भ में अभियोजन की खातिर मंजूरी प्रदान की। सिद्दरामय्या ने 19 अगस्त को राज्यपाल के आदेश की वैधता को चुनौती देते हुए उच्च न्यायालय का रुख किया।

वरिष्ठ कांग्रेस विधायक और प्रशासनिक सुधार आयोग के अध्यक्ष आरवी देशपांडे द्वारा रविवार को मुख्यमंत्री बनने की इच्छा जताए जाने पर प्रतिक्रिया देते हुए सिद्दरामय्या ने कहा, ''मुख्यमंत्री किसे बनाया जाए? यह हाईकमान और विधायक तय करेंगे...।''

मुख्यमंत्री ने मंगलवार को चामुंडी पहाड़ी पर स्थित चामुंडेश्वरी मंदिर की यात्रा की और वहां देवी की पूजा-अर्चना की। उन्होंने चामुंडेश्वरी क्षेत्र विकास प्राधिकरण के गठन के संबंध में विधानमंडल द्वारा पारित अधिनियम के कार्यान्वयन पर लगी रोक को अदालत द्वारा हटाए जाने के बाद पहली बार प्राधिकरण की बैठक की अध्यक्षता की।

एफडब्ल्यूडीए ने स्वदेशी मानवरहित बमवर्षक विमान की पहली सफल उड़ान की घोषणा की

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। बेंगलूरु स्थित 'फ्लाइंग वेज डिफेंस एंड एयरोस्पेस' (एफडब्ल्यूडीए) कंपनी ने स्वदेशी मानवरहित बमवर्षक विमान एफडब्ल्यूडी 200बी' की पहली सफल उड़ान की मंगलवार को घोषणा की। एफडब्ल्यूडीए के संस्थापक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) सुहास तेजस्कंद ने यहां संवाददाताओं को बताया कि 'मीडियम एल्टीट्यूड (15,000 फीट) लॉन्ग एंड्यूरेंस'(मेल) वाले मानवरहित हवाई यान(यूएवी) के रूप में वर्गीकृत एफडब्ल्यूडी 200बी निगरानी के लिए आवश्यक 'ऑप्टिकल पेलोड' और हवाई हमलों एवं बमबारी के लिए मिसाइल जैसे हथियारों से लैस है।

उन्होंने कहा, ''विमान का वायुगतिकी डिजाइन, एयरफ्रेम, प्रणोदन प्रणाली, नियंत्रण प्रणाली, इलेक्ट्रॉनिकी सभी भारत में एफडब्ल्यूडीए की अत्याधुनिक विनिर्माण इकाई में बनाए गए हैं, जो 1.5 एकड़ भूमि पर निर्मित 12,000 वर्ग फुट में फैली है और इलेक्ट्रॉनिक सिटी, बेंगलूरु में स्थित है।''

कंपनी ने बताया कि एफडब्ल्यूडी- 200बी के पंखों का फैलाव पांच मीटर और लंबाई 3.5 मीटर है। उड़ान भरते समय इसका अधिकतम भार 102 किलोग्राम हो सकता है और इसकी 'पेलोड' क्षमता 30 किलोग्राम है।

सुहास तेजस्कंद ने बताया कि यह 152 किलोमीटर प्रति घंटे की क्रूज गति से उड़ सकता है, जिसकी अधिकतम गति 250 किलोमीटर प्रति घंटे है। उन्होंने कहा कि इसके लिए केवल 300 मीटर रनवे की आवश्यकता है, जिससे यह छोटी हवाई पट्टियों से भी संचालित हो सकता है।

एसडीआई ने सुपर डिमोना सिम्युलेटर एनडीए को सौंपा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट इंस्टीट्यूट (एसडीआई) ने सुपर डिमोना सिम्युलेटर एनडीए को सौंपा है। बताया गया कि बेंगलूरु स्थित भारतीय वायुसेना के सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट इंस्टीट्यूट को एनडीए के लिए सुपर डिमोना एयरक्राफ्ट सिम्युलेटर को डिजाइन, विकसित, एकीकृत और तैनात करने का काम सौंपा गया था। यह जरूरत एनडीए में स्थापित वायुसेना प्रशिक्षण दल (एएफटीटी) द्वारा पेश की गई थी और इसे कैडेटों के लिए उड़ान प्रशिक्षण देने का दायित्व सौंपा गया था। जरूरत यह थी कि कैडेटों को बुनियादी उड़ान पहलुओं से परिचित कराया जाए, ताकि उन्हें उड़ान के वातावरण के बारे में जरूरी जानकारी मिल सके।

उड़ान गतिशीलता सहित सिमुलेशन सॉफ्टवेयर को वायुसेना के सॉफ्टवेयर इंजीनियरों द्वारा विकसित किया गया था, जिसमें कैडेट की उड़ान के दृश्य अनुभव को बढ़ाने के लिए अत्याधुनिक 135 डिग्री एफओवी इमर्सिव डिस्प्ले शामिल था। आत्मनिर्भरता की दिशा में, स्थानीय उद्योगों को मैकेनिकल मोडिफिकेशन, उड़ान नियंत्रण, डिस्प्ले स्क्रीन और अन्य पैनलों के निर्माण में शामिल किया गया, जैसा कि वास्तविक विमान में उपलब्ध हैं।

इस अवसर पर कमांडेंट एसडीआई ने बताया कि यह सिम्युलेटर कैडेटों को दिए जाने वाले प्रशिक्षण की गुणवत्ता को बढ़ाने में मदद करेगा तथा उन्हें उड़ान प्रशिक्षण के लिए सुचारु ढंग से आगे बढ़ने में मार्गदर्शन करेगा।

OFFICE OF THE REGIONAL RESEARCH INSTITUTE OF UNANI MEDICINE
CHENNAI- 600 013
(An autonomous Organization under Ministry of AYUSH, Govt. of India)
61-65, Institutional Area, OPP: 'D' Block, Janakpuri, New Delhi-110 058
(NABH & NABL Accredited)

TENDER NOTICE

On behalf of the Director General, CCRUM, New Delhi, the Deputy Director, RRIUM, Chennai invites sealed Tender Quotations from reputed firms in two- bid system (Technical bid and Commercial bid) for the supply of raw drugs. The detailed list of raw drugs and terms and conditions can either be downloaded from CCRUM Website, CPPP & RRIUM Website or may be obtained from the Office of the Deputy Director Regional Research Institute of Unani Medicine, No.1, West Mada Church Road, Royapuram, Chennai-600 013. The last date for receipt of Tender/Quotations is 24th September 2024, 04.00p.m. For details, please visit CCRUM Website www.ccrum.res.in or www.rriumchennai.org

Deputy Director
RRIUM, Chennai

भाजपा ने पूर्व एमयूडीए आयुक्त के निलंबन को लेकर कांग्रेस सरकार की आलोचना की

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। कर्नाटक में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने मंगलवार को मैसूरु शहरी विकास प्राधिकरण (एमयूडीए) के पूर्व आयुक्त जी. टी. दिनेश कुमार के निलंबन को लेकर कांग्रेस सरकार की आलोचना की और कहा कि उन्हें ''बलि का बकरा'' बनाया गया है।

एक सरकारी आदेश में कहा गया है कि बड़े पैमाने पर अनियमितताओं की शिकायत के बाद राज्य सरकार ने एमयूडीए के कामकाज की विभागीय जांच की थी। कुमार पर आयुक्त के पद पर रहते हुए कई अवैध कदम उठाने का आरोप है और तदनुसार उन्हें निलंबित कर दिया गया है।

राज्यपाल थावरचंद गहलोत ने 16 अगस्त को भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 की धारा 17ए और भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 218 के तहत एमयूडीए मामले में मुख्यमंत्री सिद्दरामय्या के खिलाफ मुकदमा चलाने की मंजूरी दी है।

'मुडा घोटाले' में आरोप है कि सिद्धारमैया की पत्नी पार्वती को मैसूरु के एक पॉश इलाके में प्रतिपूरक भूखंड आवंटित किया गया था, जिसका संपत्ति मूल्य उनकी भूमि की तुलना में अधिक था, जिसे एमयूडीए द्वारा ''अधिग्रहित'' किया गया था। एमयूडीए ने पार्वती को उनकी 3.16 एकड़ भूमि के बदले 50:50 अनुपात योजना के तहत भूखंड आवंटित किए थे।

विवादास्पद योजना के तहत एमयूडीए ने आवासीय लेआउट बनाने के लिए उनसे अधिग्रहित अविकसित भूमि के बदले में भूमि खोने वालों को 50 प्रतिशत विकसित भूमि आवंटित की। विपक्ष और कुछ कार्यकर्ताओं ने यह भी दावा किया है कि पार्वती के पास इस 3.16 एकड़ भूमि पर कोई कानूनी अधिकार नहीं था।

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष विजयेंद्र येडीयुरप्पा ने कहा कि सिद्दरामय्या के नेतृत्व वाली सरकार को दिनेश कुमार के रूप में बलि का बकरा मिल गया है। विजयेंद्र ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, कर्नाटक सरकार का अभी भी अड़ियल रुख अपनाना और पूर्व एमयूडीए आयुक्त को बलि का बकरा बनाकर खुद को बचाना आश्चर्यजनक नहीं है।

उन्होंने कहा, ''...कुमार एक छोटी मछली मात्र हैं। इससे भी बड़े भ्रष्ट लोग इसमें गहराई से शामिल हैं और केवल गहन केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) जांच ही पूरी सच्चाई को सामने ला सकती है।'' उन्होंने जांच को सुगम बनाने के लिए सिद्दरामय्या से तत्काल मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने की मांग की। कुमार के निलंबन पर मुख्यमंत्री ने मंगलवार को मैसूरु में पत्रकारों से कहा कि यह शहरी विकास विभाग द्वारा की गई कार्रवाई है।

भुवनेश्वर-बेलगावी के बीच विशेष रेल सेवा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। दक्षिण पश्चिम रेलवे से प्राप्त जानकारी के अनुसार ईस्ट कोस्ट रेलवे ने त्यौहारी सीजन के दौरान यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को देखते हुए ट्रेन संख्या 02813/02814 भुवनेश्वर-बेलगावी-भुवनेश्वर साप्ताहिक विशेष रेलगाड़ियों के संचालन की अधिसूचना जारी की है।

ट्रेन संख्या 02813 यह रेलगाड़ी 7, 14, 21 और 28 सितंबर को प्रत्येक शनिवार को 19:15 बजे भुवनेश्वर से रवाना होगी और सोमवार को 03:00 बजे बेलगावी पहुंचेगी। वापसी दिशा में, ट्रेन संख्या 02814 यह रेलगाड़ी 9, 16, 23 और 30 सितंबर को प्रत्येक सोमवार को 07:30 बजे बेलगावी से रवाना होगी और मंगलवार को 14:30 बजे भुवनेश्वर पहुंचेगी। रास्ते में, ट्रेन दोनों दिशाओं में खुर्दा रोड, ब्रह्मपुर, पलासा, श्रीकाकुलम रोड, विजयनगरम, पेंदुर्ती, दुव्वाडा, राजमुंदरी, एलुरु, विजयवाड़ा, गुंटूर, नंद्याल, धोने, गुंतकल, बल्लारी, तोरणगल्लू, होसपेटे, मुनिराबाद, कोप्पल, गदग, एसएसएस हुब्बल्ली, धारवाड़, अलनावर और लोंडा स्टेशन पर रूकेगी। विशेष ट्रेन में सोलह एसी-3 टियर कोच और दो ब्रेक/लगेज सह जनरेटर कारें शामिल होंगी।

कृष्णराजपुरम में वंदे भारत के समय में संशोधन

कृष्णराजपुरम स्टेशन पर ट्रेन संख्या 20671/20672 मदुरै-बेंगलूरु कैंटोनमेंट-मदुरै वंदे भारत एक्सप्रेस के समय में संशोधन किया जा रहा है। 5 सितम्बर से प्रभावी इस संशोधन के अनुसार ट्रेन संख्या 20671 मदुरै-बेंगलूरु कैंटोनमेंट वंदे भारत एक्सप्रेस कृष्णराजपुरम स्टेशन पर 12:50/12:52 घंटों के बजाय 12:30/12:32 घंटों पर पहुंचेगी/प्रस्थान करेगी।15 सितम्बर से प्रभावी, ट्रेन संख्या 20672 बेंगलूरु कैंटोनमेंट-मदुरै वंदे भारत एक्सप्रेस कृष्णराजपुरम स्टेशन पर 13:55/13:57 घंटों के बजाय 13:43/13:45 घंटों पर पहुंचेगी/प्रस्थान करेगी।

रेणुकास्वामी का परिवार 'न्याय की उम्मीद' कर सकता है : परमेश्वर

बेंगलूरु/दक्षिण भारत । कर्नाटक के गृह मंत्री जी. परमेश्वर ने मंगलवार को कहा कि चर्चित रेणुकास्वामी हत्या मामले में जांच लगभग पूरी हो चुकी है और पुलिस अदालत में आरोपपत्र दाखिल करने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि पीड़ित परिवार ''न्याय'' की उम्मीद कर सकता है। इस मामले में कन्नड़ फिल्मों के अभिनेता दर्शन थुगुदीपा आरोपी हैं।

परमेश्वर ने कहा कि पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने के लिए पुलिस और सरकार अदालत में लड़ाई लड़ेगी। उन्होंने यहां संवाददाताओं से कहा, प्रक्रियागत रूप से पुलिस को जो करना है, वह करेगी। 90 दिनों के भीतर आरोपपत्र दाखिल करना अनिवार्य है, वे ऐसा करेंगे और अदालत में पेश करेंगे। संवाददाताओं ने जब पूछा कि क्या दर्शन को मामले में आरोपी संख्या 1 (ए1) बनाया जाएगा, तो मंत्री ने कहा, ए1 या ए2, यह पुलिस पर छोड़ दिया गया है। वे सबूतों के आधार पर ऐसा करेंगे।

यह पूछे जाने पर कि रेणुकास्वामी का परिवार सरकार और पुलिस से क्या उम्मीद कर सकता है? मंत्री ने कहा, ''वे न्याय की उम्मीद कर सकते हैं, हम उन्हें न्याय दिलाएंगे। हम न्याय के लिए अदालत में लड़ेंगे।''

ई-कचरे के पुन:प्रसंस्करण को सर्वोच्च प्राथमिकता दें : मंत्री खांद्रे

बेंगलूरु। कर्नाटक के वन एवं पर्यावरण मंत्री बी ईश्वर खांद्रे ने मंगलवार को कहा कि ठोस कचरे को पुन: इस्तेमाल लायक बनाने वाली पद्धतियों को अपनाने की सख्त जरूरत है क्योंकि यह प्रकृति के लिए गंभीर खतरा बन रहा है। यहां पांच सितंबर तक आयोजित पांचवे 'री-कॉमर्स एक्सपो' में उन्होंने कहा कि समय की जरूरत है कि ई-कचरे, बैटरियों और अन्य इलेक्ट्रॉनिक सामान को पुन: इस्तेमाल लायक बनाने और उनके पुन:प्रसंस्करण को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए।

भारत सरकार, अंतरिक्ष विभाग
भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन
(निर्माण एवं अनुरक्षण प्रभाग)
इसरो टेलिमेट्रि ट्रैकिंग एवं कमांड नेटवर्क (इस्ट्रैक)
प्लाट नं. 12 एवं 13, तीसरा मेन, द्वितीय फेज,
पीण्या औद्योगिक क्षेत्र, बेंगलूरु-560058
फोन : 080-28094196, 4541 फैक्स : 080-28094180

संक्षिप्त ई-निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से, समूह प्रमुख, इस्ट्रैक, इसरो पीण्या, बेंगलूरु-58 द्वारा समुचित वर्ग के ठेकेदरों से एनआईटी में निम्नलिखित कार्यो के लिए नग दर ई-निविदाएं ऑनलाइन आमंत्रित किया जाता है। (फोन : 080-28094541,4186)

एनआईटी सं	इस्ट्रैक/सीएमजी/ई/एमएआईएनटी/ईटीएन-44 2024-25 दिनांक 03.09.2024
कार्य का नाम	एससीसी, इस्ट्रैक, पीन्या, बेंगलूरु में आरडीए सुविधा में क्लाउड रडार एकीकरण गतिविधि के लिए विद्युत कार्य।
निविदा का अनुमानित मूल्य	रु. 16.98 लाख
निविदा दस्तावेज विवरण	ई-निविदा
कार्यादेश जारी होने के 15 दिन बाद की तिथि से गिनी जाने वाली कार्य समापन अवधि	दो (02) माह
निविदा प्रलेख डाउनलोड करने की अवधि	04.09.2024 को 16.00 बजे से 18.09.2024 को 16.00 बजे तक
बोली स्पष्टीकरण	05.09.2024 को 11.00 बजे से 19.09.2024 को 16.00 बजे तक
बोली स्पष्टीकरण के जवाब देने की अंतिम तारीख	20.09.2024 को 16.00 बजे तक
निविदा प्राप्ति की अंतिम तारीख और समय	21.09.2024 को 16.00 बजे तक
निविदा खोलने की नियत तारीख और समय	23.09.2024 को 11.00 बजे से
अग्रदाय रकम जमा (ईएमडी)	रु. 33,960.00

पात्रता मानदंड और अन्य ब्यौरे के लिए इच्छुक निविदाकार विस्तृत सूचना आमंत्रण निविदा (एनआईटी) देंखे जिसे वेबसाइट www.isro.gov.in से डाउनलोड किया जा सकता है। बोली प्रपत्र औप अन्य ब्यौरे वेबसाइट www.tenderwizard.com/ISRO से डाउनलोड किए जा सकते हैं।
ह/- समूह प्रमुख- सीएमजी

देश बदलने के लिए राजनीति करती है भाजपा : भजनलाल शर्मा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने मंगलवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) राजनीति राज करने के लिए नहीं बल्कि देश बदलने के लिए करती है। उन्होंने कहा कि भाजपा हर व्यक्ति को उसका हक मिले, इसके लिए काम करती हैं । उन्होंने कहा कि पार्टी का मानना है कि देश का किसान, महिला, युवा आगे बढ़ेगा तो देश आगे बढ़ेगा। वह यहां पार्टी सदस्यता अभियान कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा संगठन का निर्माण अन्तिम छोर पर बैठे व्यक्ति के विकास और उत्थान के लिया किया गया और भाजपा की सरकार आज उसी नीति पर काम कर रही है।

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने प्रदेश कार्यालय में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा एवं उपमुख्यमंत्रियों-- दीया कुमारी तथा डॉ प्रेमचंद बैरवा को पार्टी का सदस्य बनाकर राज्य में सदस्यता अभियान का आगाज किया। राठौड़ ने कार्यकर्ताओं से अधिक से अधिक सदस्य बनाने का आह्वान किया और कहा कि कार्यकर्ता जनता को पार्टी की रीति-नीति और पंच निष्ठाओं से अवगत कराते हुए विश्व की सबसे बड़ी पार्टी का सदस्य बनाए।

राठौड़ ने कहा कि आज देश में परिवारवादी या व्यक्ति विशेष पर आधारित राजनीतिक पार्टियां कार्य कर रही हैं लेकिन भारतीय जनता पार्टी विचारधारा आधारित वह पार्टी है जहां अंत्योदय की अवधारणा पर कार्य किया जाता है। भाजपा सदस्यता अभियान के प्रदेश संयोजक डॉ अरुण चतुर्वेदी ने कहा बुधवार को राज्य के प्रत्येक जिले में भाजपा के पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधि प्रेसवार्ता के माध्यम से अभियान की शुरुआत करेंगे। चतुर्वेदी ने बताया कि भाजपा राज्य में सवा करोड़ सदस्यों को पार्टी का सदस्य बनाएगी और इस सिलसिले में भाजपा कार्यकर्ता को राजस्थान के 51,700 बूथों पर 200-200 सदस्य बनाने का लक्ष्य दिया गया है। उनके अनुसार भाजपा सदस्यता अभियान के तहत 88 00 00 2024 नंबर पर मिस्ड कॉल कर या नमो ऐप, वेबसाइट और क्यूआर कोड स्कैन करके कोई भी व्यक्ति सदस्य बन सकता है। चतुर्वेदी ने कहा कि यह अभियान दो चरणों में चलेगा।

उदयपुर, डूंगरपुर और बांसवाड़ा जिलों में भारी बारिश

जयपुर। राजस्थान में बीते 24 घंटे में उदयपुर, डूंगरपुर और बांसवाड़ा जिले में कई जगह भारी बारिश दर्ज की गई। मौसम केंद्र के अनुसार राज्य में इस सप्ताह मानसून के सक्रिय रहने की उम्मीद है। मौसम केंद्र ने बताया कि मंगलवार सुबह साढ़े आठ बजे तक बीते 24 घंटे में पश्चिमी राजस्थान में कुछ स्थानों तथा पूर्वी राजस्थान में कई स्थानों पर बादल गरजने के साथ वर्षा हुई। इस दौरान उदयपुर, डूंगरपुर और बांसवाड़ा जिले में कहीं-कहीं भारी वर्षा दर्ज की गई। सबसे अधिक 115 मिलीमीटर वर्षा भूंगड़ा, बांसवाड़ा में हुई।

इसके अलावा, बांसवाड़ा के ही सजनगढ़ में 101 मिलीमीटर और केसरपुरा में 70 मिलीमीटर, डूंगर के देवल में 101 मिलीमीटर व गणेशपुर में 74 मिलीमीटर तथा उदयपुर के ऋषभदेव में 102 मिलीमीटर बारिश हुई। इसी दौरान गंगानगर, सिरोही, सीकर राजसमंद, जालोर, झालावाड़ व नागौर में हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश हुई। मौसम केंद्र के अनुसार, राज्य के कई इलाकों में अभी कुछ दिन और बारिश का दौर जारी रहने का अनुमान है।

तालाब में मिला एएसआई का शव

कोटा। राजस्थान के बूंदी शहर पुलिस थाने में तैनात एक सहायक उपनिरीक्षक (एएसआई) का शव सोमवार शाम बूंदी जिले के एक गांव के पास तालाब में मिला। मृतक एएसआई की पहचान बिरधी चंद गुर्जर (45) के रूप में हुई है, जो हिण्डोली थाना क्षेत्र के बड़ानया गांव का निवासी था।

सीबीएसई ने 'डमी स्कूल' की समस्या को रोकने के लिए राजस्थान, दिल्ली के 27 स्कूलों का औचक निरीक्षण किया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

नयी दिल्ली/जयपुर। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने 'डमी स्कूल' की समस्या को रोकने के लिए मंगलवार को राजस्थान और राष्ट्रीय राजधानी के 27 स्कूलों का औचक निरीक्षण किया। शीर्ष अधिकारियों ने यह जानकारी दी। यह कदम बोर्ड द्वारा डमी छात्रों और अयोग्य अभ्यर्थियों को नामांकित करने के मामले में 20 स्कूलों की मान्यता रद्द किए जाने के छह महीने बाद उठाया गया है।

सीबीएसई के सचिव हिमांशु गुप्ता ने कहा, इस निरीक्षण का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना था कि बोर्ड से संबद्ध स्कूल सीबीएसई द्वारा निर्धारित मानदंडों और उपनियमों का सख्ती से पालन करें। निरीक्षण 27 टीम द्वारा किया गया, जिनमें से प्रत्येक में एक सीबीएसई अधिकारी और सीबीएसई-संबद्ध स्कूल का प्रधानाचार्य शामिल था। उन्होंने कहा, निरीक्षण की सधी हुई योजना बनाई गई और इसे समानांतर तरीके से अंजाम दिया गया, जो कम समयसीमा के भीतर सभी चयनित स्कूलों में एक साथ किया गया।

गुप्ता ने कहा कि औचक निरीक्षण का दृष्टिकोण इसलिए अपनाया गया ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि स्कूलों के संचालन और अनुपालन के बारे में एकत्र की गई जानकारी सटीक होने के साथ ही उनके रोजमर्रा के कामकाज को प्रतिबिंबित करती हो। उन्होंने कहा, इस निरीक्षण के निष्कर्षों की व्यापक समीक्षा की जाएगी और गैर-अनुपालन के मामलों में उचित कार्रवाई की जाएगी। सीबीएसई कठोर निगरानी के लिए अपनी प्रतिबद्धता दोहराता है और यह सुनिश्चित करने के लिए इस तरह के औचक निरीक्षण करना जारी रखेगा कि संबद्ध स्कूल बोर्ड द्वारा अपेक्षित गुणवत्ता और मानकों को बनाए रखें।

इंजीनियरिंग और मेडिकल प्रवेश परीक्षाओं की तैयारी करने वाले अनेक छात्र डमी स्कूलों में प्रवेश लेना पसंद करते हैं ताकि वे पूरी तरह से प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी पर ध्यान केंद्रित कर सकें। वे कक्षाओं में नहीं जाते हैं और सीधे बोर्ड परीक्षा में शामिल हो जाते हैं। कुछ राज्यों के छात्रों के लिए मेडिकल और इंजीनियरिंग संस्थानों में उपलब्ध कोटा को ध्यान में रखते हुए भी अभ्यर्थी डमी स्कूलों का चयन करते हैं। उदाहरण के लिए, जिन अभ्यर्थियों ने दिल्ली में कक्षा 11 और 12 पूरी की होती है, उन्हें दिल्ली राज्य कोटा के तहत राष्ट्रीय राजधानी के मेडिकल कॉलेजों में प्रवेश के लिए प्राथमिकता दी जाती है।

जयपुर सिटी का हेरिटेज संरक्षण के साथ पूर्ण विकास होगा : दीया कुमारी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। उपमुख्यमंत्री श्रीमती दीया कुमारी ने बताया कि राज्य सरकार ने बजट में जयपुर शहर के हेरिटेज संरक्षण और विकास के लिए 100 करोड़ रुपये का प्रावधान किया है जिससे जयपुर शहर में हेरिटेज संरक्षण और विकास पूर्ण नियोजन किया जाना है। उसी प्लान की तैयारियों के परिप्रेक्ष्य में उपमुख्यमंत्री ने मंगलवार को जयपुर शहर के विभिन्न स्थलों का जायज़ा लिया और जयपुर की हेरिटेज से संबंधित विभिन्न विषयों पर चर्चा कर अधिकारियों को विभिन्न विकास कार्यों के लिए निर्देशित किया जिसमें प्रमुख रूप से जयपुर शहर को विरुपण से बचाने के साथ ही हेरिटेज को संरक्षित किया जाना है। इसके साथ ही जल महल की पाल का पुनः विकास कर वहां बोटिंग शुरू करवाना है।

उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने मंगलवार को प्रातः जयपुर की चारदीवारी क्षेत्र और पर्यटन महत्व के अन्य स्थनों का सघन दौरा किया। इस दौरान उपमुख्यमंत्री के साथ जयपुर नगर निगम हेरिटेज आयुक्त अभिषेक सुराणा, ट्रेफिक डीसीपी श्रीमती प्रीति चंद्रा, उपनिदेशक पर्यटन विभाग उपेन्द्र सिंह शेखावत मौजूद रहे। उपमुख्यमंत्री श्रीमती दीया कुमारी ने प्रातः 8 बजे से शहर में परकोटे वाले का क्षेत्र का निरीक्षण शुरू किया जिसमें उन्होंने सिटी पैलेस, चांदनी चौक से होते हुए त्रिपोलिया गेट, छोटी चौपड़, किशनपोल बाजार, अजमेरी गेट, न्यू गेट, सांगानेरी गेट, जौहरी बाजार, बड़ी चौपड़, सुभाष चौक, जोरावर सिंह गेट तक निरीक्षण किया। साथ ही जल महल से लेकर आमेर मावठे तक का भी सघन निरिक्षण किया।

श्रीमती दीया कुमारी ने सबसे पहले सिटी पैलेस के ही बाहर चांदनी चौक की सफाई का निरीक्षण किया, साथ ही बिल्डिंग्स पर लटके हुए वायर्स व पोल्स को ठीक करने के निर्देश दिए। उपमुख्यमंत्री ने त्रिपोलिया - छोटी चौपड़ के बाज़ारों में लगे हुए पोस्टर्स, बैनर्स को हटाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ये सब हमारी हेरिटेज को विरुपित कर रहे हैं। दीया कुमारी ने बाजार में निरीक्षण करते समय कहा कि दुकानों के नाम रंग - बिरंगे होने की जगह एक ही कलर में पेंट होने चाहिए। उन्होंने कहा कि नगर निगम के बायलॉज के हिसाब से ही कलर होना चाहिए। जिससे एकरुपता रहेगी और शहर सुन्दर दिखेगा।

उपमुख्यमंत्री ने परकोटा क्षेत्र में डस्टबिन भी कचरे के सूखा, गीला, हेजार्डस, नॉन हेजार्डस के हिसाब से अलगअलग कलर के लगाने को निर्देश दिए जो कि जयपुर शहर के हेरिटेज रंग से मैच होने चाहिए। उन्होंने निर्देश दिए कि डिवाइडर पर लगे पोल्स पर किसी भी तरह के पोस्टर बैनर नहीं लगे होने चाहिए। उन्होंने कहा कि अस्त-व्यस्त तरह से लगे कैबल्स वायर्स शहर की खूबसूरती को खराब कर रहे हैं, इन्हें हटाया जाए। श्रीमती दीया कुमारी ने छोटी चौपड़ से चाँदपोल तक निरीक्षण करने के दौरान किशनपोल बाजार स्थित म्यूजियम ऑफ लेगेसी (महाराजा स्कूल ऑफ आर्ट) को फिर से विकसित किये जाने के निर्देश दिए।

गहलोत ने 'बुलडोजर कल्चर' पर शीर्ष अदालत की टिप्पणी का स्वागत किया

जयपुर। राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने 'बुल्डोजर कल्चर' पर उच्चतम न्यायालय की टिप्पणी का सोमवार को स्वागत किया। गहलोत ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर जारी पोस्ट में कहा,देश में पिछले कुछ सालों से शुरू हुए बुल्डोजर कल्चर पर उच्चतम न्यायालय की टिप्पणी स्वागतयोग्य है। किसी भी आरोपी के घर पर बुलडोजर चला देना न्याय नहीं है। उन्होंने लिखा, मैंने दो वर्ष पहले भी इस कल्चर के खिलाफ सार्वजनिक तौर पर कमोवेश ऐसे ही विचार रखे थे जैसी आज उच्चतम न्यायालय ने टिप्पणी की है। गहलोत के अनुसार,त्वरित न्याय जैसे सिद्धांत एक सभ्य और कानून का पालन करने वाले समाज में स्वीकार्य नहीं हैं एवं संविधान की मूल भावना के पूरी तरह विपरीत है। उल्लेखनीय है कि आपराधिक मामलों में शामिल व्यक्तियों के मकानों को राज्य प्रशासनों द्वारा बुलडोजर से ध्वस्त किये जाने के बीच, उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को सवाल किया कि किसी का मकान सिर्फ इसलिए कैसे गिराया जा सकता है कि वह एक आरोपी है?

भजनलाल ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण करके राजस्थान में सदस्यता अभियान का किया आगाज

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने मंगलवार को यहां भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सदस्यता ग्रहण करके प्रदेश में पार्टी के सदस्यता अभियान का आगाज किया। शर्मा ने इस मौके भाजपा प्रदेश कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में सबसे पहले भाजपा की सदस्यता ग्रहण करके प्रदेश में इस अभियान की शुरुआत की। इसके बाद भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़, उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी एवं डा प्रेम चंद बैरवा ने भी सदस्यता ग्रहण की। इस दौरान शर्मा, राठौड़, श्रीमती दीया कुमारी एवं डा बैरवा ने अपने सदस्यता प्रमाण पत्र भी दिखाये।

इस अवसर पर शर्मा ने कहा कि हम राजनीति देश एवं प्रदेश बदलने के लिए करते हैं। उन्होंने कहा कि देश को किस तरह एवं कैसे बनाया जाये, यह हमारी सोच है। हर व्यक्ति आगे बढ़ेगा तो देश आगे बढ़ेगा। युवा, मजदूर और किसान आगे बढ़ेंगे तो देश आगे बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि देश में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में गरीब कल्याण की योजनाओं एवं सामाजिक सरोकार के माध्यम से हर व्यक्ति तक पहुंचने का काम किया गया है।

उन्होंने इस अभियान में ज्यादा से ज्यादा सदस्य बनाने का आह्वान करते हुए कहा कि दलित, पिछड़ा सहित किसी भी समाज एवं वर्ग का व्यक्ति इस अभियान में नहीं बचना चाहिए कि वह हमारा सदस्य नहीं हो। उन्होंने कहा कि पार्टी का यह अभियान दुनिया का सबसे बड़ा अभियान बने एवं घर घर जाकर सदस्य बनाये और लक्ष्य को सवाया करने का काम भी करेंगे।इससे पहले राठौड़ ने कहा कि मुख्यमंत्री ने इस अभियान के तहत लक्ष्य को सवाया कर दिया गया हैं और इसके तहत अब प्रदेश में सवा करोड़ सदस्य बनाने के लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए अभियान को मूर्त रुप देना है। उन्होंने देश में 140 करोड़ जनता को भाजपा का परिवार बताते हुए कहा कि वे इसे परिवार मानकर चलते हैं और हम दुनिया में भारत का मान बढ़े, यह ध्यान में रखते हुए काम कर रहे हैं। हम किसी तरह की राजनीति एवं भेदभाव नहीं करते, विकास में कोई राजनीति नहीं करते और सर्वांगीण विकास की बात करते हैं।इस अवसर पर अभियान के संयोजक डा अरुण चतुर्वेदी ने अभियान के बारे में बताया। इस मौके अभियान की सह संयोजक अनीता भदेल, कई मंत्री, विधायक एवं राज्य किसान आयोग के अध्यक्ष सी आर चौधरी तथा भाजपा के कई पदाधिकारी एवं लोग मौजूद थे।

राज्यपाल को देवनानी ने विधानसभा में किए नवाचारों की जानकारी दी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने मंगलवार को राजभवन में राज्यपाल हरिभाऊ किसनराव बागडे से शिष्टाचार भेंट की। देवनानी ने राज्यपाल का शॉल ओढ़ाकर और पुष्प गुच्छ भेंट कर अभिनन्दन किया। स्पीकर देवनानी ने छत्रपति वीर शिवाजी के विशिष्ट कौशल, अद्भुत मूल्यों और वीर कर्मों पर आधारित हो. वे. शेषाद्री की पुस्तक हिन्दू विजय युग प्रर्वतक राज्यपाल को भेंट की। राज्यपाल ने नवाचारों की सराहना की राज्यपाल ने राजस्थान विधान सभा की दैनन्दिनी 2024-25 का अवलोकन कर नवाचार की सराहना करते हुए प्रकाशन को देशभर के विधान मण्डलों के लिए नजीर बताया। राज्यपाल बागडे ने भारतीय नव वर्ष से प्रारम्भ विधान सभा डायरी देखकर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने डायरी में प्रत्येक महीने के आरम्भ में प्रकाशित महापुरुषों के चित्रों की पहल को महत्वपूर्ण बताते हुए इसकी सराहना की।

स्पीकर देवनानी ने राज्यपाल को बताया कि राजस्थान विधान सभा के इतिहास में पहली बार दैनन्दिनी का प्रकाशन भारतीय वर्ष के अनुसार नव संवत्सर 2081 के माह चैत्र शुक्ल, प्रतिपदा से दैनन्दिनी को आरम्भ किया गया है। नई पीढ़ी में महापुरुषों का स्मरण बनाये रखने के लिए विधान सभा की दैनन्दिनी में उनके चित्रों का समावेश किया है, ताकि लोगों को महापुरुषों के आदर्श जीवन से प्रेरणा मिल सके। अपने चिंतन से समाज को नई दिशा देने वाले तलवार, कलम और वाणी के धनी महापुरुषों भारत रत्न डॉ. भीमराव अम्बेडकर, महाराणा प्रताप, पृथ्वीराज चौहान, छत्रपति शिवाजी, महर्षि दयानन्द सरस्वती, मीरा बाई, झांसी की रानी लक्ष्मीबाई, स्वामी विवेकानन्द, सुभाष चन्द बोस, महावीर स्वामी और चन्द्र शेखर आजाद के चित्रों का डायरी में समावेश किया है।

नवाचारों की पुस्तिका भेंट स्पीकर देवनानी ने राज्यपाल को विधान सभा में किये गये नवाचारों की पुस्तिका भेंट की।

देवनानी ने राज्यपाल को बताया कि राजस्थान विधान सभा में आमजन के प्रवेश हेतु विधान सभा जनदर्शन, सदन को पेपर लैस किये जाने हेतु ई- विधान सभा, सत्र आरम्भ करने से पहले सर्वदलीय बैठक, सदन में लंच ब्रेक जैसी पहल आरम्भ करके नवाचार किये गये है। विश्वविद्यालयों के लिए नवाचारों पर चर्चा राज्यपाल बागडे ने विधान सभा अध्यक्ष देवनानी से राज्य के विश्वविद्यालयों और उच्च शिक्षा की वर्तमान स्थिति पर विस्तार से चर्चा की।

पेट्रोलियम एवं गैस एक्सप्लोरेशन व दोहन क्षेत्र में आ रही नई तकनीक को किया जाएगा प्रोत्साहित

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। माइंस एवं पेट्रोलियम सचिव श्रीमती आनन्दी ने कहा है कि प्रदेश में ऑयल एवं गैस भण्डार की संभावनाओं का नए सिरे से अध्ययन करवाया जाएगा ताकि डिसकवर्ड स्मॉल फील्ड्स (डीएसएफ) के तहत प्रदेश में उपलब्ध ऑयल एवं गैस के एक्सप्लोरेशन और दोहन क्षेत्र को और अधिक विस्तारित किया जा सके। उन्होंने कहा कि देश दुनिया में पेट्रोलियम और गैस क्षेत्र के एक्सप्लोरेशन और दोहन की नवीनतम तकनीक के उपयोग के लिए प्रदेश में इस क्षेत्र में कार्य कर रहे प्लेयर्स को प्रोत्साहित किया जाएगा ताकि प्रदेश में ऑयल और गैस के और अधिक क्षेत्रों की पहचान और दोहन हो सके।

माइंस एवं पेट्रोलियम सचिव श्रीमती आनन्दी मंगलवार को खनिज भवन में पेट्रोलियम विभाग की समीक्षा बैठक ले रही थी। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार के एनडीआर से डाटा प्राप्त कर उपलब्ध ऑयल व गैस भण्डारों का दोहन के नए क्षेत्र चिन्हित किये जाएंगे, इससे पेट्रोलियम एवं गैस सेक्टर में गति, निवेश, रेवेन्यू और रोजगार के और अधिक अवसर पैदा हो सकेंगे। उन्होंने जैसलमेर में लग रहे सीमेंट प्लांटों में वैकल्पिक ऊर्जा के रुप में प्राकृतिक गैस की मांग और उसकी आपूर्ति का रोडमैप भी तैयार करने के निर्देश दिए ताकि सीमेंट सेक्टर को सस्ती ग्रीन एनर्जी उपलब्ध होने के साथ ही प्रदेश में प्राकृतिक गैस का उत्पादन व उसका उपयोग सुनिश्चित हो सके।

श्रीमती आनन्दी ने बताया कि पेट्रोलियम क्षेत्र में प्रदेश में वर्तमान में 13 माइनिंग लीज (पीएमएल) और 14 पेट्रोलियम एक्सप्लोरेशन लीज (पीईएल) जारी है। देश में कुल उत्पादित क्रूड ऑयल का 14.95 प्रतिशत क्रूड ऑयल का प्रदेश में उत्पादन हो रहा है। इसी तरह से राज्य में प्रतिदिन औसतन 3.3 से 3.4 मिलियन मेट्रिक स्टेण्डर्ड क्यूबिक मीटर गैस का उत्पादन हो रहा है। निदेशक माइंस एवं पेट्रोलियम भगवती प्रसाद कलाल ने बताया कि राज्य में पेट्रोलियम सेक्टर से गत अप्रेल से अगस्त माह तक 1271 करोड़ 70 लाख रु. का राजस्व प्राप्त हुआ है।

फसल कटाई प्रयोग शत-प्रतिशत किए जाएंगे ऑन-लाइन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। प्रमुख शासन सचिव राजस्व दिनेश कुमार और प्रमुख शासन सचिव कृषि एवं उद्यानिकी वैभव गालरिया की अध्यक्षता में मंगलवार को पंत कृषि भवन में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनान्तर्गत फसल कटाई प्रयोगो के ऑन-लाईन गुणवत्ता पूर्ण सम्पादन के लिए वी.सी. के माध्यम से समस्त जिला कलक्टरों के साथ बैठक का आयोजन किया गया। प्रमुख शासन सचिव दिनेश कुमार ने कहा कि फसल कटाई प्रयोगों का सम्पादन निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुसार ही किया जाये, जिससे बीमा कम्पनियों द्वारा आपत्तियां न की जाये। बीमा कम्पनी प्रतिनिधियों एवं जिले के अधिकारियों के साथ नियमित साप्ताहिक बैठक की जाये, जिससे फसल कटाई प्रयोगो के दौरान आने वाली आपत्तियों का निस्तारण किया जाये। अधिकारी कोशिश करें कि क्रॉप कटिंग में कम से कम आपत्तियां दर्ज हों, जिससे किसानों को फसल बीमा क्लेम समय पर मिल सके। क्रॉप सर्वे ज्यादा से ज्यादा डिजिटल करवाये जाये।

प्रमुख शासन सचिव वैभव गालरिया ने कहा कि फसल कटाई प्रयोग पूर्ण सावधानी से किये जायें, जिससे किसानों को क्लेम मिलने में परेशानियों का सामना न करना पड़े। फसल कटाई प्रयोगो की गोपनीयता बरकरार रखी जाये। सीसीई प्रक्रिया की पूर्ण वीडियोग्राफी व फोटोग्राफी की जाये जिससे फसल के साथ की जाने वाली छेड़छाड़ का मालूम पड़ सके। थ्रेसिंग के दौरान किसी प्रकार की अनियमितता न बरती जाये।

गालरिया ने कहा कि जिलों के अधिकारियों द्वारा फसल कटाई प्रयोग शत-प्रतिशत ऑन-लाईन करवाये जाये तथा इस दौरान बीमा कम्पनी प्रतिनिधि का सह-पर्यवेक्षक आवश्यक रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने निर्देशित किया कि फसल कटाई प्रयोगों के कार्यक्रम के बारे में बीमा कम्पनियों के प्रतिनिधियों को सूचित करें एवं कार्यक्रम में संशोधन की दशा में कम्पनी को लिखित में तुरन्त सूचित करें।

बैठक में आयुक्त कृषि कन्हैया लाल स्वामी, संयुक्त निदेशक कृषि मुकेश कुमार माथुर, बीमा कम्पनियों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे और समस्त जिला कलक्टर, समस्त अतिरिक्त निदेशक कृषि (विस्तार) खण्ड एवं समस्त संयुक्त निदेशक कृषि (विस्तार) जिला परिषद वी.सी. के माध्यम से उपस्थित रहे।

सपा का मॉडल विकास का नहीं, उसके शासन में होती थी हर नौकरी की नीलामी : योगी आदित्यनाथ

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

मैनपुरी/भाषा। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को मुख्य विपक्षी दल समाजवादी पार्टी (सपा) पर हमला करते हुए कहा कि सामाजिक ताने-बाने को छिन्न-भिन्न कर राज्य के लोगों के सामने पहचान का संकट खड़ा करने वाली सपा के डीएनए में अराजकता और गुंडागर्दी पैवस्त है और उसके शासन में हर नौकरी की नीलामी होती थी।

मुख्यमंत्री ने मैनपुरी जिले के करहल में 361 करोड रुपए से अधिक की 379 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करने के बाद सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव और उनके चाचा शिवपाल सिंह यादव पर लूटखसोट के गम्भीर आरोप भी लगाये।

करहल विधानसभा सीट अखिलेश यादव के कन्नौज से सांसद चुने जाने के बाद रिक्त हुई है। इस सीट पर उपचुनाव होना है।

आदित्यनाथ ने अपने संबोधन में सपा पर निशाना साधते हुए कहा, ''मैं पूछना चाहता हूं कि मैनपुरी कभी वीवीआईपी जनपद माना जाता था लेकिन वह विकास के कार्य में क्यों पिछड़ गया? इसे पहचान का मोहताज बनाने वाले कौन लोग थे?''

उन्होंने कहा, ''आपने उनके (सपा) कारनामों को देखा होगा।

इनका कारनामा वही है जो अयोध्या में एक निषाद बेटी के साथ सपा के नेता द्वारा किया गया था। यह इनका चेहरा है। इनके वास्तविक कारनामे देखने हों तो कन्नौज में घटित घटना और नवाब ब्रांड समाजवादी पार्टी का वास्तविक चेहरा है।''

आदित्यानाथ ने कहा, ''यह वही लोग हैं जिन्होंने आपके सामने पहचान का संकट खड़ा किया, सामाजिक ताने-बाने को छिन्न-भिन्न किया। अराजकता और गुंडागर्दी इनके डीएनए का हिस्सा है। इनका मॉडल विकास का नहीं है। यह लोग विकास के कार्यों में लूट मचाने वाले लोग हैं। इन्होंने विकास और गरीब कल्याण के लिए जो धनराशि राज्य की लगनी चाहिए थी उसमें लूटखसोट की। नौजवानों को मिलने वाली नौकरियों में डकैती डाली गई।''

मुख्यमंत्री ने अखिलेश यादव और उनके चाचा शिवपाल सिंह यादव पर कटाक्ष करते हुए उनका नाम लिए बगैर कहा, ''2017 से पहले हर नौकरी बिकती थी। उसकी नीलामी होती थी। वसूली में चाचा और भतीजा समान भागीदार होते थे और बाद में जब ज्यादा वसूली होती थी तो चाचा को धकेल दिया जाता था और भतीजा अकेले ही बैग लेकर भाग जाता था। यही दृश्य पूरे प्रदेश का हुआ करता था।'' उन्होंने सपा पर हमले जारी रखते हुए कहा, ''इनको मैनपुरी और इटावा की चिंता नहीं थी। इन्हें स्वयं की चिंता थी इसीलिए जब उन्हें लगा कि उत्तर प्रदेश सुरक्षित नहीं रहा तो दोनों ने अपने लिए दुनिया के अलग-अलग देश में द्वीप खरीद लिए होंगे।''

आदित्यनाथ ने कहा, ''लेकिन हमें और आपको इसी प्रदेश में रहना है। चाचा की तो नियति ही है कि हर बार धक्का खाकर वहीं पड़े रहना... लेकिन प्रदेशवासियों को धक्के खाने की अपनी आदत से उबरना पड़ेगा। सम्मान के साथ राष्ट्रवादी मिशन का सिपाही बनकर आगे बढ़ने की आदत डालनी पड़ेगी।''

जाति आधारित गणना पर भाजपा- आरएसएस के खिलाफ लालू प्रसाद की टिप्पणी, छिड़ा वाकयुद्ध

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

पटना/भाषा। बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री एवं राष्ट्रीय जनता दल (राजद) सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव ने जाति आधारित गणना के मुद्दे पर सत्तारूढ़ भाजपा और आरएसएस के खिलाफ कथित टिप्पणी की जिसे लेकर भाजपा और राजद नेताओं के बीच वाकयुद्ध शुरू हो गया। भाजपा की बिहार इकाई के नेताओं ने राजद सुप्रीमो की टिप्पणी पर पलटवार करते हुए कहा कि वह 'गुंडों की तरह बात कर रहे हैं'।

इससे पहले दिन में जाति आधारित गणना के मुद्दे पर भाजपा नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार व आरएसएस पर सीधा हमला करते हुए लालू ने कहा था, ''इन आरआरएस/ भाजपा वाला का कान पकड़, दंड बैठक करा इनसे जातिगत जनगणना कराएंगे। इनका क्या औक़ात है जो ये जातिगत जनगणना नहीं करायेंगे? इनको इतना मजबूर करेंगे कि इन्हें जातिगत जनगणना करना ही पड़ेगा।'' सिंगापुर में जांच बाद लौटे लालू ने लिखा, ''दलित, पिछड़ा, आदिवासी और गरीब का एकता दिखाने का समय अब आ चुका है।'' लालू की टिप्पणी पर प्रतिक्रिया देते हुए उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा, ''राजद गुंडों की तरह बात कर रहा है...उनकी भाषा मूल रूप से गुंडों की भाषा है। उन्हें ये सब बंद कर देना चाहिए...हमें धमकाने की कोशिश न करें...हम ऐसी चीजों से नहीं डरते... आने वाले विस चुनाव में जनता उन्हें और उनकी पार्टी को करारा जवाब देगी।''

नोएडा की सोसायटी में दूषित पानी पीने से बच्चों समेत 339 लोग पड़े बीमार

नोएडा (उत्तर प्रदेश)/भाषा। गौतमबुद्धनगर जिले के थाना बिसरख क्षेत्र में स्थित इको विलेज-दो सोसाइटी में दूषित पानी पीने से बच्चों समेत 339 लोगों को पेट दर्द व उल्टी-दस्त की शिकायत होने लगी जिसके बाद स्वास्थ्य विभाग ने डॉक्टरों की एक टीम को मौके पर भेजा है तथा पानी के नमूने ले लिए गए हैं। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। स्वास्थ्य अधिकारियों के मुताबिक, दूषित पानी पीने से बीमार पड़े बच्चों में से छह को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं, अधिकारियों ने बेसमेंट में मच्छरों का लार्वा मिलने पर सोसाइटी पर 10 हजार रुपए का जुर्माना लगाया है। जिले के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ सुनील कुमार शर्मा ने बताया कि सोमवार देर रात करीब 12:30 बजे सुपरटेक इको विलेज- दो सोसाइटी में दूषित पानी पीने से कुछ लोगों की तबीयत खराब होने की सूचना मिली।

प्रशांत किशोर कभी 'बुलडोजर' और 'मॉब लिंचिंग' पर नहीं बोलते: राजद सांसद मनोज झा

नई दिल्ली/भाषा। राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के राज्यसभा सदस्य मनोज झा ने पार्टी नेता तेजस्वी यादव को लेकर दिए गए बयान के लिए चुनाव रणनीतिकार प्रशांत किशोर पर निशाना साधा और 'मॉब लिंचिंग' तथा 'बुलडोजर' जैसे मुद्दों को लेकर उनकी चुप्पी पर सवाल उठाया। कुछ महीने पहले अपनी 'जन सुराज पार्टी' की स्थापना करने वाले किशोर ने बिहार के भोजपुर में एक सभा में राज्य के पूर्व उप मुख्यमंत्री यादव की योग्यता पर सवाल उठाया था। किशोर ने कहा था कि 'एक नौवीं फेल' बिहार का विकास कर रहा है।

झा ने कहा, ''प्रशांत किशोर कहते हैं कि तेजस्वी जी का कोई महत्व नहीं है, लेकिन जब वह दो घंटे तक बोलते हैं तो उसमें से एक घंटा 54 मिनट तेजस्वी जी के बारे में बोलते हैं।'' उन्होंने कहा, ''यह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का 11वां साल है और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार करीब 19 साल से इस पद पर हैं, लेकिन उन्हें समस्या तेजस्वी जी से है। उनके (किशोर के) बयानों में पूर्वाग्रह भी है।''

सियार ने हमला कर आधा दर्जन लोगों को किया घायल, मारा गया

हमीरपुर (उप्र)/भाषा। हमीरपुर जिले में एक सियार ने मंगलवार को हमला कर करीब आधा दर्जन लोगों को घायल कर दिया जिसके बाद गुस्साए ग्रामीणों ने उसे घेर कर मार डाला । अधिकारियों ने बताया कि जलालपुर थाना क्षेत्र के बिलपुर गांव में एक सियार ने घर में घुसकर एक महिला समेत छह लोगों पर हमला कर दिया। उनके अनुसार बाद में ग्रामीणों ने उसे घेर लिया और लाठियों से पीटा, जिससे उसकी मौत हो गई।

अधिकारियों के मुताबिक घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनकी हालत स्थिर बताई गई है। प्रभागीय वनाधिकारी अनिल श्रीवास्तव ने बताया कि एक सियार गांव में घुस आया था, संभव है कि उसने डर के कारण या आत्मरक्षा में हमला किया हो, जिससे कुछ लोग घायल हो गए। उन्होंने बताया कि इस घटना के कारणों की जांच करने और अपनी रिपोर्ट देने के लिए वन विभाग की टीम को मौके पर भेजा गया है।

असम में पीएम-किसान योजना के कार्यान्वयन में मिलीं काफी खामियां : कैग रिपोर्ट

गुवाहाटी/भाषा। असम में केंद्र की प्रमुख 'प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि' (पीएम-किसान) योजना का कार्यान्वयन समस्याओं से ग्रस्त रहा है। इस योजना के तहत 35 प्रतिशत आवेदक इसका लाभ पाने के लायक नहीं पाए गए और इन गैर-हकदार लाभार्थियों को जारी की गई धनराशि का मात्र 0.24 प्रतिशत ही वसूला गया है। नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (सीएजी) की रिपोर्ट में इस तथ्य का खुलासा हुआ है।

दिसंबर, 2018 से मार्च, 2021 तक योजना के निष्पादन अंकेक्षण (ऑडिट) में पाया गया कि राज्य के 41,87,023 आवेदनों में से 10,66,593 (25 प्रतिशत) को पीएम-किसान पोर्टल और सार्वजनिक वित्तीय प्रबंधन प्रणाली द्वारा खारिज कर दिया गया था।

इसके बाद, राज्य सरकार ने मई-जुलाई, 2020 के दौरान पूरे राज्य में की गई जांच के माध्यम से घोषित किया कि 31,20,430 लाभार्थियों में से 11,72,685 (37 प्रतिशत) अपात्र थे।

हाल ही में राज्य विधानसभा में पेश की गई कैग रिपोर्ट में कहा गया है कि इन अपात्र लाभार्थियों को जारी की गई धनराशि का मात्र 0.24 प्रतिशत ही अक्टूबर, 2021 तक वापस प्राप्त हुआ, जिसे कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय को वापस नहीं किया गया।

ध्यान भटकाने की रणनीति के तहत बंगाल में पारित कराया गया बलात्कार रोधी विधेयक: चौहान

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

नई दिल्ली/भाषा। केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने पश्चिम बंगाल विधानसभा में बलात्कार रोधी विधेयक पारित किए जाने को आर जी कर अस्पताल में बलात्कार-हत्या की घटना से ध्यान भटकाने की रणनीति करार दिया और मंगलवार को राज्य सरकार से सवाल किया कि क्या संदेशखालि यौन शोषण मामले के मुख्य आरोपी को कानून के तहत मौत की सजा मिलेगी?

पिछले महीने कोलकाता के सरकारी आर जी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में एक प्रशिक्षु महिला डॉक्टर के बलात्कार और हत्या के मद्देनजर विधानसभा के दो दिवसीय विशेष सत्र में सर्वसम्मति से विधेयक पारित किया गया। 'अपराजिता महिला एवं बाल विधेयक (पश्चिम बंगाल आपराधिक कानून एवं संशोधन) 2024' पेश किए जाने के बाद ममता ने विधानसभा में कहा कि इस विधेयक का उद्देश्य त्वरित जांच, त्वरित न्याय प्रदान करना और दोषी की सजा बढ़ाना है।

भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं केंद्रीय कृषि मंत्री चौहान ने संवाददाताओं से बातचीत में पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर महिलाओं के प्रति 'असंवेदनशील' होने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा, ''दीदी (बनर्जी) ने दबाव में कानून बनाया है। आर जी कर अस्पताल की बलात्कार-हत्या की घटना से ध्यान भटकाने के लिए ऐसा किया जा रहा है। वह इसे पहले क्यों नहीं लाईं? उन्होंने पहले सहानुभूति क्यों नहीं दिखाई?''

कांग्रेस के शीर्ष नेताओं से मिले मुख्यमंत्री सोरेन, राहुल ने झारखंड में 'इंडिया' की जीत का दावा किया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

नई दिल्ली/भाषा। झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने मंगलवार को यहां कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी से मुलाकात की। इसके बाद राहुल गांधी ने दावा किया कि झारखंड के आगामी विधानसभा चुनाव में विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' (इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस) 'भारी बहुमत' से जीत हासिल करेगा।

यह बैठक झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन के भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल होने के कुछ दिन बाद हुई है। चंपई सोरेन ने झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) की वर्तमान कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए और पार्टी में अपने 'अपमान' का हवाला देते हुए पिछले दिनों इस्तीफा दे दिया था। हेमंत सोरेन ने यहां कांग्रेस अध्यक्ष के आवास पर खरगे और गांधी से मुलाकात की। कांग्रेस महासचिव (संगठन) के सी वेणुगोपाल और सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन भी बैठक के दौरान मौजूद थीं। सोरेन ने इस मुलाकात को शिष्टाचार भेंट करार दिया लेकिन समझा जाता है कि उन्होंने इस साल के अंत में होने वाले राज्य विधानसभा चुनाव की तैयारियों पर चर्चा की। राहुल ने एक फेसबुक पोस्ट में मुलाकात की तस्वीरें साझा करते हुए लिखा, ''कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की उपस्थिति में झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और कल्पना सोरेन से सौजन्य मुलाकात की। 'इंडिया' झारखंडवासियों, गरीबों और आदिवासियों के उत्थान एवं अधिकारों के लिए एकजुट हैं। हम यह चुनाव भारी बहुमत से जीतेंगे।''

खरगे ने भी सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में झारखंड विधानसभा चुनाव में जीत का दावा किया। उन्होंने कहा, ''झारखंड में जीतेगा इंडिया! आज राहुल गांधी के साथ झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से शिष्टाचार भेंट हुई। झारखंड में सभी वर्गों के सामाजिक न्याय और आर्थिक उत्थान के लिए हम पूर्णतः प्रतिबद्ध हैं।''

दीपोत्सव के दौरान चार दिनों तक अलौकिक आभा से चमक उठेगा अयोध्या धाम

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

लखनऊ/भाषा। मंदिरों का शहर अयोध्या, जिसने इस साल जनवरी में भगवान राम की ऐतिहासिक प्राण प्रतिष्ठा देखी थी, 28 अक्टूबर से शुरू होने वाले चार दिवसीय दीपोत्सव समारोह की मेजबानी करने के लिए तैयार है। अयोध्या धाम अब त्रेतायुगीन वैभव की ओर अग्रसर हो चला है। रामलला अपने भव्य मंदिर में विराजमान हो चुके हैं। होली एवं श्रीराम जन्मोत्सव के भव्य आयोजनों ने देश-विदेश में करोड़ों भक्तों में अपार हर्ष का संचार किया। हर्ष का ऐसा ही क्षण अब जल्द ही भव्य दीपोत्सव के माध्यम से 28 से 31 अक्टूबर के मध्य भक्तों को मिलने वाला है।

एक बयान के मुताबिक यूं तो, 2017 से ही दीपावली पर अयोध्या का सरयू घाट रिकॉर्ड संख्या में दीपों से जगमग होता रहा है लेकिन 2024 में 8वें दीपोत्सव कार्यक्रम को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के 'विजन' में कार्ययोजना तय हो चुकी है और इस बार का दीपोत्सव कई मायनों में खास होने जा रहा है। यह इसलिए भी खास होगा क्योंकि रामलला के श्रीविग्रह की स्थापना के बाद इस वर्ष पहली बार दीपोत्सव होगा। ऐसे में, इसे भव्यतम करने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार कोई कसर नहीं छोड़ना चाहती है। इस वर्ष न केवल राम की पैड़ी, नया घाट समेत अयोध्या के विभिन्न घाटों को 25 लाख से ज्यादा दीयों से सजाया जाएगा बल्कि चार दिन तक चलने वाले दीपोत्सव कार्यक्रम में रोशनी सज्जा इस कदर आकर्षक होगी जो अयोध्या धाम को साकेत धाम की वास्तविक अलौकिक आभा प्रदान करेगी। मुख्यमंत्री के 'विजन' के अनुसार, दीपोत्सव कार्यक्रम के दौरान अयोध्या को 'इंटेलिजेंट डाइनेमिक कलर चेंजिंग एलईडी डेकोरेटिव पैनल्स' एवं 'मल्टी मीडिया प्रोजेक्शंस' समेत विभिन्न प्रकार की आधुनिक लाइटिंग से युक्त किया जाएगा। कार्यक्रम स्थल के अतिरिक्त अयोध्या के विभिन्न स्थानों को भी इनसे युक्त किया जाएगा। नया घाट समेत राम की पैड़ी पर स्वागती द्वार बनाए जाएंगे जिन्हें 'थीमैटिक लाइटेड आर्क पिलर्स' से युक्त किया जाएगा।

अयोध्या में भक्ति पथ समेत विभिन्न मुख्य पथों को आकर्षक रोशनी एवं फूलों से सजाया जाएगा। साथ ही अयोध्या से गोंडा की ओर जाने वाले मार्ग पर गोंडा ब्रिज तथा अयोध्या से बस्ती जाने वाले मार्ग पर बस्ती ब्रिज को आकर्षक रोशनी सज्जा से युक्त किया जाएगा। अयोध्या के 500 से ज्यादा प्रमुख स्थलों को आकर्षक 'साइनेज बोर्ड्स' से सजाया जाएगा। इसके अतिरिक्त 20 'आर्टिस्टिक इंस्टॉलेशन' की भी अयोध्या के विभिन्न क्षेत्रों में दीपोत्सव कार्यक्रम के दृष्टिगत स्थापना की जाएगी। अयोध्या में इस वर्ष होने वाले भव्य दीपोत्सव कार्यक्रम में प्रतिदिन विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस दौरान प्रतिदिन विभिन्न चरणों में इन कार्यक्रमों का आयोजन होगा और मुख्य कार्यक्रम की समयावधि 45 मिनट होगी। इस दौरान कुल मिलाकर 100 से ज्यादा कलाकार राम की पैड़ी एवं अन्य कार्यक्रम स्थलों पर अपनी प्रस्तुतियां देंगे।

इनमें प्रभु श्रीराम के जीवन चरित्र से जुड़े विभिन्न प्रसंगों का मंचन मुख्य रहेगा। दीपोत्सव कार्यक्रम के दौरान ही अयोध्या समेत आस-पास के सभी प्रमुख क्षेत्रों में 'वर्चुअल रिएलिटी प्लेटफॉर्म' के जरिए दर्शन कराने की प्रक्रिया भी शुरू हो जाएगी। जिन तीर्थस्थलों को 'वर्चुअल रिएलिटी' के जरिए जोड़े जाने की प्रक्रिया शुरू की गई है इसमें श्रीराम जन्मभूमि मंदिर, हनुमान गढ़ी मंदिर, नागेश्वर नाथ मंदिर, राम की पैड़ी, छोटी देवकाली मंदिर, बड़ी देवकाली मंदिर, कनक भवन मंदिर एवं दशरथ महल मंदिर मुख्य हैं।

ओडिशा में इस साल जंगली जानवरों के हमले में 68 लोग जान गंवा चुके: मंत्री

भुवनेश्वर/भाषा। ओडिशा में इस साल हाथियों और अन्य जंगली जानवरों के हमलों में कम से कम 68 लोग अपनी जान गंवा चुके हैं। राज्य के वन मंत्री गणेश राम सिंह खुंटिया ने मंगलवार को विधानसभा में यह जानकारी दी। बीजू जनता दल (बीजद) विधायक अरुण कुमार साहू के प्रश्न के लिखित जवाब में मंत्री ने कहा कि इस साल राज्य के विभिन्न वन प्रभागों में मानव-वन्यजीव के संघर्ष की घटनाओं में लोगों के हताहत होने के अलावा 1,087 मकान और 2315.79 एकड़ से अधिक की फसलें भी क्षतिग्रस्त हुईं।

उन्होंने बताया कि वन क्षेत्रों के निकट मानव बस्तियों को हाथी और अन्य जंगली जानवरों के हमलों से बचाने के लिए चंदका वन प्रभाग के भरतपुर क्षेत्र, ढेंकनाल प्रभाग के हिंडोल और अंगुल प्रभाग के बंटाला में सरकार ने प्रायोगिक आधार पर कृत्रिम मेधा (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस-एआई) वाली ई-निगरानी परियोजना शुरू करने के लिए कदम उठाए हैं।

मणिपुर पुलिस अकेले हालात से नहीं निपट सकती, केंद्रीय बलों की सतत मदद जरूरी: डीजीपी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

इंफाल/भाषा। मणिपुर के पुलिस महानिदेशक राजीव सिंह ने मंगलवार को कहा कि हिंसा प्रभावित राज्य में पुलिस अकेले स्थिति से नहीं निपट सकती और केंद्रीय बलों की निरंतर सहायता की आवश्यकता है।

पिछले साल मई से इंफाल घाटी में रहने वाले मैतेई और आसपास के पहाड़ी इलाकों में रहने वाले कुकी समुदाय के बीच जातीय हिंसा में 200 से ज्यादा लोग मारे गए हैं और हजारों लोग बेघर हो गए हैं। हाल ही में इस संघर्ष ने एक नया मोड़ तब लिया जब उग्रवादियों ने प्रतिद्वंद्वी समुदाय के गांवों पर बम हमले करने के लिए ड्रोन तैनात किए। पिछले दो दिन में इंफाल पश्चिम जिले में सेजम चिरांग और पास के कोऊतरक में दो ड्रोन और बंदूक हमलों में दो लोगों की मौत हो गई और 12 अन्य घायल हो गए।

हालांकि, सिंह ने कहा कि मणिपुर पुलिस ड्रोन हमलों को रोकने के लिए अपनी क्षमता के अनुसार हरसंभव प्रयास करेगी। उन्होंने कुछ इलाकों का दौरा करने के बाद संवाददाताओं से कहा, ''यह नई चीज है और चीजें बिगड़ गई हैं। हम इसे बहुत गंभीरता से ले रहे हैं।'' सिंह ने कहा, ''हमने एनएसजी (राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड) से बात की है तथा और भी विशेषज्ञ आ रहे हैं। हमने ड्रोन की गंभीरता से जांच करने के लिए एक समिति गठित की है। हम जल्द ही ड्रोन हमलों से निपटने के लिए साधन तलाशेंगे। हमारे पास ड्रोन से निपटने के लिए कुछ साधन हैं और हम उन्हें तैनात करने की कोशिश कर रहे हैं।'' उन्होंने कहा, ''हम उस स्थान पर अभियान चला रहे हैं जहां से हमले किए गए। अभियान कल और आज चलाया गया और सामान जब्त किया गया है। धरपकड़ अभियान आगे भी चलाया जाएगा।'' हिंसा रोक पाने में कथित रूप से विफल रहने पर केंद्रीय बलों को हटाने की मांग पर डीजीपी ने कहा कि राज्य के बल अकेले हालात से नहीं निपट सकते और केंद्रीय बलों की मदद जरूरी है। उन्होंने कहा, ''केंद्र हमें हरसंभव सहायता प्रदान कर रहा है और वे स्थिति को लेकर चिंतित हैं। हम इससे निपटने के लिए मिलकर काम कर रहे हैं। अभी, मानवबल की आवश्यकता है और राज्य पुलिस अकेले इसे प्रदान नहीं कर सकती क्योंकि वे अन्य सामान्य कानून और व्यवस्था संबंधी कार्यों में तैनात हैं। इसलिए जाहिर है, हमें केंद्रीय बलों की आवश्यकता है।'' डीजीपी ने कहा, असम राइफल्स के अलावा केंद्रीय बलों की 198 कंपनियां हैं।

नीरज चोपड़ा का 'कुछ नया कोशिश नहीं करने का' सुझाव काम आया: सुमित अंतिल

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

पेरिस/भाषा। प्रतिस्पर्धा के दौरान कुछ भी नया न करने के नीरज चोपड़ा के संदेश ने सुमित अंतिल के लिए अद्भुत तरीके से काम किया, जिन्होंने यहां पैरालंपिक खेलों में नये रिकॉर्ड के साथ अपने स्वर्ण पदक का बचाव किया।

उन्होंने पैरालम्पिक खेलों में 70 . 59 मीटर का नया रिकॉर्ड भी बनाया। वह पैरालंपिक खेलों में शीर्ष पदक का बचाव करने वाले पहले भारतीय पुरुष खिलाड़ी बन गये। महिला वर्ग में हालांकि निशानेबाज अवनि लेखरा ने इस कारनामे को किया है।

हरियाणा के सोनीपत के 26 साल के इन विश्व रिकॉर्डधारी भाला फेंक खिलाड़ी ने 2015 में मोटरसाईकिल दुर्घटना में अपना एक पैर गंवा दिया था। उन्होंने तीन साल पहले टोक्यो पैरालंपिक में 68.55 मीटर के पैरालंपिक रिकॉर्ड के साथ स्वर्ण पदक जीता था। उनका विश्व रिकॉर्ड 73.29 मीटर का है।

अंतिल ने कहा कि वह और नीरज महीने में कम से कम एक बार एक-दूसरे से बातचीत करते हैं। दोनों खिलाड़ी खेल में सुधार करने के बारे में चर्चा करते है। उन्होंने कहा, ''मैंने पेरिस खेलों से पहले

नीरज भाई से व्यक्तिगत रूप से बात नहीं की थी। मुझे किसी (अंतिल के एथलीट मैनेजर) के माध्यम से नीरज भाई का संदेश मिला। उन्होंने कहा कि (पेरिस में) बहुत अच्छा माहौल है और वहां अच्छा माहौल है लेकिन कुछ नया करने की कोशिश मत करना।''

सुमित अंतिल ने मंगलवार को एक वर्चुअल मीडिया बातचीत के दौरान कहा, ''मैंने उनकी सलाह मान ली और पेरिस पैरालंपिक में मेरे लिए वास्तव में एक अच्छा अनुभव था।''

उन्होंने कहा, ''मैं और नीरज भाई एक-दूसरे के संपर्क में रहते हैं, पंद्रह दिन या महीने में एक बार उनसे बातचीत होती रहती है। जब भी हम एक-दूसरे से बात करते हैं, तो यह हमारे खेल के बारे में होता है, जैसे हमें अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते रहना चाहिए और देश का नाम रोशन करना चाहिए।''

अंतिल से जब पूछा गया कि नीरज ने उन्हें इस तरह की सलाह क्यों दी तो उन्होंने कहा, ''इतने बड़े स्तर पर खिलाड़ी घबराहट महसूस कर सकते हैं और तकनीकों पर ध्यान केंद्रित रखना मुश्किल होता है। उसके (नीरज) मन में कुछ तो चल रहा होगा और वह नहीं चाहता कि मैं उन चीजों को झेलूं।'' उन्होंने कहा, ''कभी-कभी ऐसा होता है कि आपने अभ्यास के दौरान जिस तकनीक पर काम किया है, वह (प्रतियोगिता के दौरान) सामने नहीं आती है। भाला फेंक एक ऐसी प्रतियोगिता है जिसमें तकनीक बहुत महत्वपूर्ण है।''

सुविचार

फर्क नहीं पड़ता मेरा दिन कितना बुरा गुजरा, तुम्हारी बस एक मुस्कान सब कुछ ठीक कर देती है!

दक्षिण भारत राष्ट्रमत

फिर वही शिगूफा

जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव प्रचार के दौरान एक राजनीतिक दल के नेताओं द्वारा पाकिस्तान से बातचीत करने का मुद्दा दोहराया जाना ऐसा शिगूफा है, जिसे देशवासियों को कई वर्ष पहले ही गंभीरता से लेना बंद कर देना चाहिए था। भारत की किस सरकार ने पाकिस्तान से बातचीत नहीं की और उसके बाद देश को क्या मिला था? कुछ नेता तो अपनी राजनीति चमकाने के लिए 'पाकिस्तान से बातचीत' का राग छेड़ते रहते हैं, लेकिन कई बुद्धिजीवी भी बड़ी मासूमियत से यह कहते दिखाई दे जाते हैं कि पाकिस्तान से बातचीत करने से ही मसलों का हल निकलेगा! आजकल बहुत लोग यूट्यूब पर चैनल बनाकर पाकिस्तान से बातचीत की पैरवी कर खुद को 'बुद्धिजीवी' के तौर पर स्थापित करने की पूरी कोशिश कर रहे हैं। उन्हें पाकिस्तानी मीडिया हाथोंहाथ लेता है। बहुत जल्द वे पाकिस्तानी चैनलों पर गंभीर चर्चा करते दिखाई पड़ते हैं। जो लोग पाकिस्तान से बातचीत की पुरजोर पैरवी कर रहे हैं, उन्हें यह भी बताना चाहिए कि पिछली बातचीत का क्या नतीजा निकला था? एक बार नहीं, अनेक बार बातचीत के दौर चले थे और नतीजा क्या रहा? जम्मू-कश्मीर में घुसपैठ, आतंकी हमले, देश में कई जगहों पर बम धमाके, हजारों नागरिकों की मौत! क्या पाकिस्तान से नए सिरे से बातचीत की शुरुआत हुई तो उसके नतीजे में शांति की बयार बहने लगेगी? हमारे कई नेता और बुद्धिजीवी पाकिस्तान को समझने में गलती कर जाते हैं। उन्हें लगता है कि पाक इतना सीधा और नादान है कि उसे शांति का पाठ पढ़ाएंगे तो सबकुछ ठीक हो जाएगा।

यह स्पष्ट रूप से शत्रुबोध का अभाव भी है। पाकिस्तान से बातचीत की पैरवी करने से पहले दो बातें जरूर जाननी चाहिएं- यह पड़ोसी देश हमारे बारे में क्या सोचता है और उसके मंसूबे क्या हैं? आज जो लोग पाकिस्तान का नेतृत्व कर रहे हैं, वे भारत से घोर नफरत करते हैं। चाहे पाकिस्तानी फौज हो, सरकार हो या उसका मजहबी तबका हो, ये भारत-विरोध के नाम पर अपनी 'पकड़' को मजबूत करते रहते हैं। पाकिस्तान के स्कूलों और कॉलेजों की किताबों में भारत से नफरत पढ़ाई जाती है। जबकि भारत में हर सरकार ने पाकिस्तान के साथ संबंधों को मधुर बनाने की कोशिशें की हैं, ताकि दोनों ओर आम लोगों को इसका फायदा हो। सियासी हलकों में ऐसे स्वर भी उठते रहते हैं, जिनका पाकिस्तान फायदा लेने की कोशिश करता है। दरअसल पाक इस मामले में बहुत स्पष्ट है। वह भारत की एकता व अखंडता को बर्दाश्त नहीं करना चाहता। खासकर उसके फौजी नेतृत्व की सोच रही है, आज भी है कि भारत के भू-भाग पर कब्जा किया जाए, यहां विदेशी आक्रांताओं की तर्ज पर शासन स्थापित किया जाए। इसी भ्रम में जम्मू-कश्मीर पर बार-बार हमले किए। पाकिस्तानी फौज ने वर्ष 1965, 1971 और 1999 में युद्ध की पहल की थी। हालांकि भारतीय सेना ने हर बार उसके होश ठिकाने लगाए। अंतरराष्ट्रीय सीमा और एलओसी पर अनगिनत झड़पें हो चुकी हैं। पाकिस्तान से कितने ही आतंकवादी प्रशिक्षण लेकर हमारे देश में रक्तपात कर चुके हैं। उसकी अर्थव्यवस्था कंगाली के कगार पर पहुंच गई है। वहां जनता दाल, रोटी, दवाई और बिजली के लिए हाहाकार कर रही है। पाकिस्तानी प्रधानमंत्री के पास सबसे बड़ा काम यह रह गया है कि वे दुनियाभर से डॉलर मांगकर लाएं। सिंध, बलोचिस्तान और केपीके में आज़ादी के लिए आवाज़ें बुलंद हो रही हैं, लेकिन पाकिस्तानी हुक्मरान इसी कोशिश में जुटे हैं कि किसी तरह भारत को नुकसान पहुंचाया जाए। क्या किसी को अब भी लगता है कि पाकिस्तान से बातचीत होगी तो ये सारी खराबियां दूर हो जाएंगी? यह एक ऐसा सुनहरा ख़्वाब हो सकता है, जिसका हकीकत से कोई लेना-देना नहीं है। इस समय भारत को अपनी ऊर्जा राजनीतिक, आर्थिक, सामाजिक, वैज्ञानिक, सामरिक और हर दृष्टि से ज्यादा मजबूत होने में लगानी चाहिए। देश आंतरिक और बाहरी चुनौतियों से सुरक्षित होना चाहिए। आतंकवाद और अलगाववाद को खूब दृढ़ता से नष्ट करना चाहिए। पाकिस्तान जिस 'चक्रव्यूह' में फंसा हुआ है, उससे बाहर निकलने का जिम्मा उसी पर छोड़ देना चाहिए।

ट्वीटर टॉक

भाजपा के राष्ट्रीय सदस्यता अभियान- 2024 के अन्तर्गत आज पुनः सदस्यता ली। मेरी भाजपा के करोड़ों समर्थकों से अपील है कि आप भी टोल-फ्री नंबर 88 00 00 2024 पर मिस्ड कॉल देकर या नमो एप्प के माध्यम से भाजपा का सदस्य बनें।

-दीया कुमारी

पोरबंदर के तट के पास एक बचाव कार्य के लिए जा रहे भारतीय तटरक्षक बल के -डकहेलिकॉप्टर की समुद्र में हार्ड लैंडिंग का समाचार चिंताजनक है। ईश्वर से दोनों पायलट एवं एक क्रू मेंबर के सुरक्षित होने की कामना करता हूं।

-अशोक गहलोत

पैरिस पैरालम्पिक 2024 में सुमित अंतिल ने जेवलिन थ्रो में 70.59 मीटर का थ्रो कर स्वर्ण पदक जीता है। उन्होंने टोक्यो पैरालंपिक 2020 में भी गोल्ड मेडल जीतकर देश का नाम रोशन किया था, और इस बार भी उन्होंने दिखा दिया कि सच्ची मेहनत से कुछ भी हासिल किया जा सकता है।

-भजनलाल शर्मा

प्रेरक प्रसंग

धन लक्ष्य नहीं

स्वामी रामकृष्ण परमहंस सांसारिक मोह-माया से मुक्त होकर सहजता का जीवन जीते थे। उन्हें जीवन की भौतिक वस्तुएं आकर्षित नहीं करती थी। वे अपने शिष्यों को भी विषय-वासना से मुक्त होने की सीख दिया करते थे। एक बार की बात है, एक शिष्य ने कहा, 'स्वामी जी मैं आज महसूस करता हूं कि रुपये में बड़ी ताकत है। उससे हम कोई भी सुख खरीद सकते हैं।' परमहंस जी शिष्य की नादानी पर हंसे, और बोले, 'तुम रुपये से क्या-क्या खरीद सकते हो?' शिष्य ने जवाब दिया, 'संसार की सब चीज पैसे से खरीदी जा सकती है।' परमहंस जी बोले, 'क्या तुम रुपये से ईश्वर खरीद सकते हो?' शिष्य इस सवाल का जवाब देने में सक्षम नहीं था। परमहंस जी बोले, 'रुपया जीवन का साधन हो सकता है, लक्ष्य नहीं हो सकता।' यह सुनकर शिष्य नतमस्तक हो गया।

सामयिक

संघ की समन्वय बैठक के संदेश

अवधेश कुमार
मोबाइल -9811027208

केरल के पलक्कड़ में 31 अगस्त से 2 सितंबर तक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की अखिल भारतीय समन्वय बैठक से निकले संदेश कई अर्थों में महत्वपूर्ण है। संघ की अखिल भारतीय बैठकों पर देश और भारत में रुचि रखने वाले विदेश की भी दृष्टि रहती है। इस समय भारत के अंदर और पड़ोस में कुछ ऐसी गतिविधियां हो रही है जिनके संदर्भ में बहुत बड़ी संख्या में सक्रिय और आम लोग भी जानने को उत्सुक हैं कि इन पर संघ का मंतव्य क्या है और वह क्या कर रहा है। चूंकि यह संघ से जुड़े मोटा-मोटी सभी संगठनों की वार्षिक बैठक थी तो यहां के स्वर और निर्णय का महत्व है। विरोधियों और राजनीतिक दृष्टि से सोचने वालों को छोड़ दीजिए तो संघ पर निष्पक्ष अध्ययन करने वाले मानते हैं कि जो भी निर्णय या भविष्य के कार्यक्रमों के रूपरेखा बनती है वह सभी संबंधित संगठनों के लिए होता है और सभी उसी तरह काम करते हैं जैसे परिवार के सदस्य। पिछले कुछ महीने में भाजपा और संघ के संबंधों पर कई ऐसे संकेत और वक्तव्य आए जिनसे लगता था कि परस्पर संवाद, सहयोग या समन्वय की कमी है। इनमें भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा का वह बयान अभी तक चर्चा में है कि भाजपा उस दौर से काफी आगे बढ़ चुकी है जब उसे संघ की आवश्यकता थी और अब वह अपना कार्य स्वयं संभालने में सक्षम है। लोकसभा चुनाव परिणाम भाजपा और उनके समर्थकों के उम्मीद के अनुरूप नहीं रहने के कारण भी अनेक अटकलें और टिप्पणियां सामने आ रही थी। राजनीति और सत्ता की ताकत सबसे बड़ी दिखती है इसलिए सामान्य मानस प्रत्येक विषय को इसी के इर्द-गिर्द देखता है। हालांकि सच यही है कि संघ से जुड़े या उसकी प्रेरणा से काम करने वाले अन्य संगठनों की तरह राजनीति में भाजपा भी एक है। सत्ता के पास सर्वाधिक निर्णयकारी शक्तियां है इसलिए उसके महत्व को अस्वीकार नहीं किया जा सकता। आप देखेंगे कि वहां भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा और संगठन मंत्री बी एल संतोष की उपस्थिति मीडिया में सबसे ज्यादा चर्चा का विषय रहा। बैठक के आरंभ और अंत में जानकारी देने वाले अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख सुनील आंबेकर के वक्तव्यों में अपनी ओर से भाजपा पर कुछ न कहना बतता है कि भाजपा पर विशेष फोकस नहीं था। प्रश्न है कि समन्वय बैठक में हुए विमर्शों, भाषणों या वक्तव्यों तथा निर्णयों को किस रूप में देखा जाए?

पलक्कड़ में 32 संगठनों के 320 प्रतिनिधि उपस्थित थे जिनमें 90 अखिल भारतीय स्तर के पदाधिकारी थे। उनमें संघ के शीर्ष नेतृत्व और भाजपा के दोनों नेताओं के अलावा शायद ही हम आपज किसी का नाम जानते हो। समन्वय बैठक का उद्देश्य सभी संगठनों के पिछले एक सालों की गतिविधियों व उपलब्धियों का विवरण जानना, पिछले बैठक में तय कार्यक्रमों की समीक्षा, संगठनों के कार्यों में कोई समस्या हो तो परस्पर सहयोग से समाधान निकालना, प्रमुख राष्ट्रीय और सामाजिक मुद्दों पर विचार-विमर्श, संगठनों के बीच समन्वय बढ़ाना और आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार कर उसके अनुसार लक्ष्य तय करना होता है जिनमें सभी अपना दायित्व पूरा करने के लिए आगे बढ़े। समन्वय बैठक के बारे में सुनील आंबेकर ने बताया कि हमारे काम का एक ही मूल सिद्धांत है, राष्ट्र प्रथम। मतभेद से संबंधित प्रश्नों पर उनका उत्तर था कि किसी मुद्दे पर मतभिन्नता के बाद राष्ट्र हित का ध्यान रखते हुए निदान किया जाता है। मतभिन्नता या मतभेद को उन्होंने अस्वीकार नहीं किया, यह कहा कि सब कुछ ठीक है।

संघ अपनी स्थापना के शताब्दी वर्ष 2026 की ओर बढ़ रहा है और इस दृष्टि से कुछ कार्यक्रम तय किये। इनमें पांच संकल्प प्रमुख हैं, जिनके आधार पर संघ राष्ट्रव्यापी सामाजिक परिवर्तन की दिशा में आगे बढ़ने की घोषणा कर चुका है। ये हैं, सामाजिक समरसता, कुटुंब प्रबोधन यानी परिवार व्यवस्था को मजबूत करना,पर्यावरण संरक्षण, राष्ट्रीय स्वत्व और नागरिक कर्तव्य यानी जीवन के हर क्षेत्र में स्व-भाव के साथ आगे बढ़ना। केरल में बैठक है तो वायनाड भूस्खलन और त्रासदी का विवरण एवं स्वयंसेवकों का समाज के साथ मिलकर किए गए राहत व पुनर्वास कार्यों का चित्र और आगे की योजनाएं भी सामने रखी गई। इसी तरह महिलाओं और बच्चियों के साथ दुराचार, बांग्लादेश में हिंदुओं के विरुद्ध हिंसा, वक्फ विधेयक, समान नागरिक संहिता आदि। पूरे देश को हिलाने वाला पश्चिम बंगाल का घटनाक्रम गहन चर्चा में न आये ऐसा हो नहीं सकता।

संघ पिछले अनेक वर्षों से समाज जीवन के हर क्षेत्र में महिलाओं को आगे लाने, उन्हें स्वावलंबी बनाने तथा उनकी भागीदारी बढ़ाते हुए सामाजिक एकता और परिवर्तन पर काम कर रहा है। पिछले समन्वय बैठक में महिलाओं के लक्षित सम्मेलन निर्धारित हुए थे और प्राप्त विवरण के अनुसार सभी राज्यों के जिला केन्द्रों पर कुल 472 महिला सम्मेलन हुए जिनमें 6 लाख की भागीदारी हुई। परिवार को सशक्त करते हुए भारत के सामाजिक आधार को मजबूत करना है तो महिलाओं के अंदर चेतना, आत्मविश्वास तथा उन्हें अधिकाधिक आगे बढ़ने का अवसर प्रदान करना होगा। इस दृष्टि से संघ सामाजिक परिवर्तन लक्ष्य को आगे बढ़ा रहा है। अहिल्याबाई की त्रिशताब्दी वर्ष के कार्यक्रमों की चर्चा और जनजाति महारानी रानी दुर्गावती की 500वीं जयंती को व्यापक रूप से मनाने का निर्णय हुआ जिसकी पहल वनवासी कल्याण आश्रम करेगा। जरा सोचिए, दिन-रात दलितों, आदिवासियों की बात करने वाले संगठनों, राजनीतिक दलों और नेताओं ने कभी अहिल्याबाई या रानी दुर्गावती के बारे में चर्चा भी की? प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र और भाजपा की राज्य सरकारों ने पिछले वर्षों में जनजातियों के बीच के राजाओं, महापुरुषों, महारानियों तथा वीरांगनाओं या समाज में योगदान देने वाली महिलाओं-पुरुषों को जिस तरह महिमामंडित कर उनको आगे लाया है वह पहले नहीं देखा गया।

गहराई से देखेंगे तो यह लंबे समय संघ की विचारधारा से मिली प्रेरणा और काम करने वाले संगठनों के समन्वय की ही परिणति है। जिस तरह इस समय भारत को जाति और समुदाय के नाम पर खंडित करने का राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय षड्यंत्र चल रहा है उनमें केवल उनका प्रतिवाद करने की जगह समाज में सकारात्मक काम करने की आवश्यकता है। आप संघ के समर्थक हों या विरोधी स्वीकार करना पड़ेगा कि यह कार्य व्यापक स्तर पर कोई कर रहा है तो संघ और उसके विचार प्रेरित संगठन ही।

महिलाओं और बच्चियों के विरुद्ध यौन दुराचार पर सभी प्रतिनिधियों द्वारा त्वरित और समयबद्ध न्याय की आवश्यकता पर आम सहमति थी और कहा गया कि कानूनी तंत्र और सरकार को प्रोएक्टिव, सजग और सक्रिय रहने के साथ आवश्यकता होने पर कानूनी ढांचे को मजबूत करना चाहिए। यही पर्याप्त नहीं है। तो संघ के विचार में परिवार स्तर पर शिक्षण के द्वारा जीवन मूल्यों को प्रोत्साहित करने, महिलाओं के बीच आत्मरक्षा कार्यक्रम चलाने और डिजिटल क्षेत्र में महिलाओं से संबंधित मुद्दों विशेषकर ओटीटी प्लेटफॉर्म को हल करना ही महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित कर पाएगा। उम्मीद करनी चाहिए कि समन्वय बैठक से इस दिशा में निश्चित कार्यक्रम एवं सरकारों के लिए सुझाव आए होंगे जिन पर अमल होगा। बंगाल में राष्ट्रपति शासन पर संघ का मत अलग है। संघ के अनुसार विषय सरकार का है पर यह बहुत लोकतांत्रिक तरीका नहीं है। हालांकि यह भी कहा गया कि किसी भी लोकतांत्रिक सरकार को कानून के अनुसार शासन करने और जनता की शिकायतों का समाधान करने के लिए जनता के प्रति जवाब दिए होना चाहिए। पश्चिम बंगाल सरकार क्या इस तरह का व्यवहार करने वाली है?

जाति जनगणना के मुद्दे को राजनीतिक दलों ने जिस उग्रता से सामने रखा है उससे समाज में भ्रम और तनाव दोनों बढ़ा है। अब इस पर देश को निर्णय करना है और स्वभाविक संघ जैसे सबसे बड़े सांस्कृतिक -स्वयंसेवी संगठन का मत इस बारे में देश जानना चाहता है। पहले भी संघ ने इस पर मत दिया है। पत्रकार वार्ता में पूछे जाने पर सुनील आंबेकर के वक्तव्य का मुख्य स्वर यही था कि संघ समाज के पिछड़ों, वंचितों आदि को मुख्यधारा में लाने के लिए आरक्षण सहित हर प्रकार के उपायों का समर्थन करता है।

इस दृष्टि से आवश्यक हो तो हां, किंतु ऐसे संवेदनशील मुद्दों को राष्ट्रीय एकता, अखंडता आदि की दृष्टि से संवेदनशीलता और गंभीरता से काम किया जाए। यानी इसका राजनीतिक दुरुपयोग न हो। अर्थ हुआ कि संघ को जनगणना के साथ जाति गणना में कोई समस्या नहीं है। हां,सचेत होकर गणना कराने के साथ पूरी सतर्कता से इसका उपयोग करना होगा। संघ के अनेक समर्थकों और जानकारों के बीच इस पर स्पष्ट दो राय हैं। अधिकतर प्रतिक्रिया यही है कि जाति गणना के खतरों, पूर्व गणना के आंकड़ों की विसंगतियों,भारत की जातीय जटिलता और समाज की एकता का ध्यान रखते हुए इसके प्रति देश को सचेत करना चाहिए था। अब संघ ने फिर अपना मत स्पष्ट कर दिया है तो ज्यादातर लोग उसके अनुसार आगे प्रभावों व नकारात्मक उपयोग और दुरुपयोग का पूर्व आकलन करते इससे समाज के रक्षा करने के पूर्व उपाय पर काम करेंगे।

विशेष

डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन : भारतीय दर्शन के युग प्रणेता

ई. प्रभात किशोर
मोबाइल : 8544128428

भारतीय धर्म, दर्शन एवं संस्कृति में जीवन की चहुंमुखी समृद्धि के सभी मूल तत्व विद्यमान है। पाश्चात्य दार्शनिक अपनी कूपमंडूकता एवं श्रेष्ठता की प्रवृति के कारण पूर्वी राष्ट्रों की प्रचुर आध्यात्मिक दर्शन से नजरें चुराते रहे। डॉ0 राधाकृष्णन ने पाश्चात्य अकादमिक मानक के अनुरूप भारतीय दर्शन पर साहित्य का सृजन कर पश्चिमी राष्ट्रों को इसके प्रति झुकाव एवं लगाव हेतु भरसक प्रयास किया। डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन का जन्म 5 सितम्बर 1988 को मद्रास (चेन्नई) से उत्तर-पूर्व 84 किमी दूर एक निर्धन ब्राह्मण परिवार में हुआ था। राधाकृष्णन का प्रारम्भिक जीवन काल प्रसिद्ध तीर्थ स्थल तिरूतानी एवं तिरूपति के आध्यात्मिक वातावरण में गुजरा। उनकी प्राथमिक शिक्षा तिरूतानी स्थित प्राईमरी बोर्ड उच्च विद्यालय मे हुई।

सन 1896 में आगे की शिक्षा हेतु उनका नामांकन तिरूपति स्थित हरमन्सवर्ग इवेनजिलिकल लुथरल मिशन स्कूल मे करवाया गया। उच्च शिक्षा हेतु उन्होंने 17 वर्ष की अवस्था में वेल्लौर स्थित वुरहिस कॉलेज में दाखिला लिया पर जल्द हीं मद्रास क्रिश्चन कॉलेज में स्थानान्तरण करवा लिया। उन्होंने सन 1906 में दर्शन शास्त्र में स्नातकोतर की डिग्री हासिल की। राधाकृष्णन के एमए थेसिस का विषय था 'वेदान्त एवं इसके तत्व-मिमांसा की पूर्व अवधारणा' (द इथिक्स ऑफ द वेदान्त एण्ड इट्स मेटाफिजिकल प्रिसपोजिसंस)। वे इस बात से भयभीत थे कि उनका यह थेसिस उनके प्रोफेसर डॉ. अल्फ्रेड जॉर्ज हॉग को नाराज कर देगा। पर उल्टे डॉ. हॉग ने इस उत्कृष्ट कार्य हेतु राधाकृष्णन की भूरि-भूरि प्रशंसा की।

राधाकृष्णन का विवाह मात्र 16 वर्ष की अवस्था मे दूर की रिश्तेदार शिवाकमु के साथ हुआ। सन 1909 में सर्वपल्ली राधाकृष्णन मद्रास प्रेसिडेन्सी कॉलेज के दर्शन शास्त्र विभाग में नियुक्त हुए। तत्पश्चात सन 1918 में वे मैसूर विश्वविद्यालय द्वारा दर्शनशास्त्र के प्रोफेसर के रूप में चुने गए। सन 1921 में वे कोलकाता विश्वविद्यालय में दर्शनशास्त्र के प्रोफेसर नियुक्त किए गए। उन्होंने जून 1926 में ब्रिटिश सरकार द्वारा पोषित विश्वविद्यालयों के सम्मेलन में कोलकाता विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व किया। पुनः सितम्बर 1926 में हार्वर्ड विश्वविद्यालय में आयोजित दर्शनशास्त्र के अंतर्राष्ट्रीय सममेलन में कोलकाता विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व करने का उन्हें अवसर प्राप्त हुआ। सन 1929 में हेरिस मैनचेस्टर कॉलेज के प्राचार्य जे. इस्टलिन कारपेन्टर द्वारा रिक्त किए गए पद पर कार्य करने हेतु वे आमंत्रित किये गये।

सन 1931 से 1936 तक राधाकृष्णन आन्ध्र विश्वविद्यालय के कुलपति रहे। सन 1936 मे उन्हें ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय मे पूर्वी धर्म एवं नीतिशास्त्र का प्रोफेसर नामित किया गया। सन 1939 में पंडित मदनमोहन मालवीय ने काशी हिन्दू विश्वविद्यालय में कुलपति के रूप में अपने आपको स्थानापन्न करने हेतु आमंत्रित किया, जहां उन्होंने जनवरी 1948 तक कुलपति के रूप में अपनी सेवा दी। सन 1947 में स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात राधाकृष्णन ने यूनेस्को (1946-52) में भारतवर्ष का प्रतिनिधित्व किया। वे सन 1949 से 1952 के दौरान सावियत संघ में भारतवर्ष के राजदूत बनाये गये। बाद में वे भारतीय संविधान सभा के लिए चुने गए। सन 1952 में वे भारतीय गणराज्य के प्रथम उपराष्ट्रपति निर्वाचित हुए। सन 1957 में कार्यकाल की समाप्ति के उपरान्त उन्हें आगामी कार्यावधि के लिए पुनः उपराष्ट्रपति चुना गया। तदुपरान्त 13 मई 1963 को उन्होने भारतीय गणराज्य के द्वितीय राष्ट्रपति के रूप में कार्यभार संभाला तथा इस पद पर 13 मई 1967 तक राष्ट्र की सेवा की। राष्ट्रपति के रूप में उन्होंने पंडित नेहरू की मृत्यु के पश्चात दो प्रधानमंत्री क्रमशः लाल बहादुर शास्त्री तथा उनकी मृत्यु के उपरान्त श्रीमती इन्दिरा गांधी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार का गठन किया।

अपने जीवन काल में डॉ. राधाकृष्णन ने अनेकों उपाधियां प्राप्त कीं। सन 1954 में उन्हें भारतवर्ष सर्वोच्च अलंकरण भारत रत्न प्रदान किया गया। उन्होंने सन 1961 में जर्मन ट्रेड बुक का शांति पुरस्कार एवं सन 1963 में ऑर्डर आफ मेरिट का खिताब पाया। सन 1975 में उन्हें टेम्पल्टन पुरस्कार दिया गया, जिसकी पूरी राशि उन्होने ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय को दान कर दी। सन 1989 में ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय ने उनकी याद में राधाकृष्णन छात्रवृति प्रारम्भ किया। राधाकृष्णन साहित्य के क्षेत्र में नोबल पुरस्कार हेतु लगातार पांच बार (1933-37) मनोनीत किए गए, हालांकि यह पुरस्कार वे जीत नहीं पाए। अपने जीवनकाल में डॉ. राधाकृष्णन ने अनेकों पुस्तकों की रचना की जिनमें अधिकांश भारतीय धर्म, संस्कृति एवं दर्शन पर आधारित हैं।

डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन एक महान राष्ट्रवादी महापुरूष थे। हिन्दू धर्म, संस्कृति एवं दर्शन के प्रति उनके समर्पण के कारण छद्म धर्मपेक्षतावादियों का एक बड़ा तबका उनका कटु आलोचक भी रहा। पर तमाम आलोचनाओं से बेपरवाह इस युगपुरूष ने जीवन की अंतिम सांस तक अपने अंदर के शिक्षकत्व को प्राणवायु प्रदान करते हुए अपनी राष्ट्रवादी रचनाएं जारी रखीं तथा भारतीय दर्शन से सम्पूर्ण जगत आलोकित होता रहा। 17 अप्रैल 1975 को 86 वर्ष की अवस्था में भारतवर्ष के इस महान दार्शनिक ने इस मायारूपी संसार को सदा के लिए अलविदा कह दिया। डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन का नश्वर शरीर भले हीं आज हमारे बीच नहीं है, पर भारतीय धर्म, अध्यात्म, संस्कृति एवं दर्शन संबंधी उनका शास्त्ररूपी दीपक युगों-युगों तक हमारा मार्ग प्रशस्त करता रहेगा।

नजरिया

एक महान शिक्षक के आदर्श विचार

गोवर्धन दास बिन्नाणी 'राजा बाबू'
मोबाइल : 9829129011



शहर के एक प्रतिष्ठित शिक्षक अपने 85 वर्ष की आयु के पूर्व शिक्षक के बारे में ज्ञात होते ही, बिना विलम्ब किये उनसे मिलने के साथ-साथ कृतज्ञता ज्ञापित करने, उनके निवास पर जा पहुँचे। लेकिन वृद्ध शिक्षक महोदय उन्हें पहचान ही नहीं पाये। फिर भी प्यार से बैठाया और पीठ पर हाथ फेरते हुए कहा... याददाश्त कमजोर हो रही है और ऊपर से स्पष्ट दिखता भी नहीं.. खैर.. बताओ तुम्हारा क्या नाम है? क्या करते हो, कैसे आना हुआ ?

उसने अपना नाम बताते हुये कहा- सर, जिस दिन आपने मेरी लाज बचायी थी, उसी दिन मैंने आप जैसा शिक्षक बनने का निर्णय कर लिया था और सर, अब मैं भी आपकी ही तरह शिक्षक बन गया हूँ।

ओह ! अच्छा.. 'वाह' यह तो अच्छी बात है। लेकिन मैंने तुम्हारी लाज कब और कैसे बचायी.. वह बात कुछ स्मृति में नहीं आ रही।

फिर उनको याद दिलाते हुए उसने बताया.. सर, जब मैं ग्यारहवीं कक्षा में था तब हमारी कक्षा में चोरी की एक घटना घटी थी.. उसमें आपने मुझे बचाया था।

ग्यारहवीं कक्षा... ???

कौन सी घटना, थोड़ा विस्तार से बताओ, शायद याद आ जाय।

ठीक है सर, मैं आपको याद दिलाता हूँ..! आपको मैं भी याद आ जाऊँगा।

सर, उस समय हमारी कक्षा में एक बहुत अमीर लड़का पढ़ता था.. और उसकी महँगी घड़ी जो वह पहनकर आता था, उस दिन चोरी हो गयी थी ..कुछ याद आया सर?

हाँ सर.. उस दिन नाश्ते वाले समय के पहले मैंने देखा वह अपनी घड़ी पेंसिल वाले डिब्बे में रख रहा है तब मैंने मौका देख, वह घड़ी चुरा ली थी। उसके बाद जब आप कक्षा लेने आये, तब उसने आपसे चोरी की शिकायत की। तब आपने कहा था कि जिसने भी वह घड़ी चुराई है, उसे वापस कर दे, मैं उसे सजा नही दूँगा। लेकिन डर के मारे, मेरी हिम्मत ही नहीं हुई।

फिर आपने कक्षा का दरवाजा बन्द कर हम सबके साथ-साथ उस छात्र को भी आँखें मूँद कतार बना खड़े होने को कहा और यह भी कहा कि आप सबकी जेबें देखेंगे। लेकिन जब तक घड़ी नहीं मिल जाती तब तक कोई भी अपनी आँखें नहीं खोलेगा, वरना उसे स्कूल से निकाल दिया जाएगा।

हम सब आँखें बन्द कर खड़े हो गए थे। आप एक-एक कर सबकी जेबें देख रहे थे। जब आप मेरे पास आये, तो मेरे दिल की धड़कन काफी तेज हो गई..! लेकिन मेरे जेब में घड़ी मिलने के बाद भी आप कतार में खड़े अन्य सभी की जेबों को भी टटोलते रहे और जब सब की जेबें टटोल लीं.. तब घड़ी उस लड़के को वापस देते हुए बोले थे अब कभी ऐसी घड़ी पहनकर स्कूल नहीं आना और जिसने भी यह चोरी की थी, वह दोबारा ऐसा काम कभी न करे.. इतना कहकर आप फिर हमेशा की तरह पढ़ाने लग गये थे..! कहते-कहते उसकी आँखें भर आईं।

उसने भावुक हो रुँधे गले से कृतज्ञता जताते हुए कहा - आपने मुझे सबके सामने शर्मिंदा होने से बचा ही नहीं लिया, बल्कि अन्त तक मेरा चोर होना जाहिर नहीं होने दिया। आपके इसी कृत्य ने मुझे आप जैसा शिक्षक बनने के लिये प्रेरित किया।

इतना सब सुनने के बाद उस वृद्ध शिक्षक ने कहा - हाँ हाँ... मुझे याद आ गया। उनकी आँखों में चमक आ गयी।

उन्होंने आगे बताया बेटा... मैं भी आजतक नहीं जानता था कि वह चोरी किसने की थी, क्योंकि...जब मैं तुम सबकी जेबें देख रहा था, तब मैंने भी अपनी आँखें बंद कर रखी थीं क्योंकि मैं जानना भी नहीं चाहता था कि चोर कौन है!

यह जानकर वह अचम्भित होकर गुरुजी के चरणों में गिर गया और वन्दना करते हुए कहा - 'गुरुजी आज फिर आपसे जिन्दगी का एक और पाठ सीख कर जा रहा हूँ...'

लौटते समय उसके मन-मस्तिष्क पर सन्त कबीरजी का निम्न दोहा छाया हुआ था - गुरु पारस को अन्तरो, जानत हैं सब सन्त। वह लोहा कंचन करे, ये करि लये महन्त।।

महत्त्वपूर्ण

Printed& Published by Devendra Sharma on behalf of owners M/s. New Media Company,6/4 , Ist floor, Cantonment station road, Bengaluru-51and printed at Dinasudar Printing Division, 116, Queens Road, Bengaluru-560052. **Editor-Shreekant Parashar**, (*Responsible for selection of news under PRB Act.) Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any suchmanner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.**RNI No. 58061/93. Regn No.: RNP/KA/BGS/2050/2015-2017 posted at Bengaluru PSO Mysore Road Bengaluru-560 026**

पाठकों से अनुरोध है कि इस प्रकाशन में प्रकाशित किए जाने वाले किसी भी तरह के विज्ञापन (वैवाहिक, वर्गीकृत, टैंड़र एवं सजावटी इत्यादि) पर कोई भी कार्यवाही, प्रतिबद्धता या धनराशि का व्यय करने से पूर्व इन विज्ञापनों के बारे में समस्त जानकारी वह स्वयं प्राप्त कर लें। दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह उत्पादों की गुणवत्ता तथा सेवाओं के लिए विज्ञापनदाताओं द्वारा किए जा रहे किसी प्रकार के दावों के लिए जिम्मेदार नहीं है। अगर विज्ञापनदाता विज्ञापन में किया जा रहा दावा पूरा नहीं करता है तो दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह के संपादक, मुद्रक एवं प्रकाशक या मालिकान को पाठक किसी भी रूप में उत्तरदाई नहीं बना सकता।- दक्षिण भारत राष्ट्रमत

मदद

हैदराबाद में मंगलवार को तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने हैदराबाद में बाढ़ पीड़ितों की मदद के लिए महबूबाबाद जिले की 10वीं कक्षा की छात्रा मुत्याला साई सिंधु से साहयता प्राप्त करती हुई।

बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया पांच मामलों में बरी

ढाका/भाषा

बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया को पांच अलग-अलग मामलों में बरी कर दिया गया है, जिनमें से एक मामला फर्जी जन्मदिन मनाने और दूसरा युद्ध अपराधियों का समर्थन करने के आरोप में दर्ज किया गया था। यह जानकारी मंगलवार को मीडिया की एक खबर से मिली।

'ढाका ट्रिब्यून' समाचारपत्र की खबर के अनुसार, ढाका के अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट महबूबुल हक की अदालत ने चार मामलों में बरी करने का आदेश जारी किया, जबकि अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट तोफज्जल हुसैन की अदालत ने मंगलवार को एक मामले में उन्हें बरी कर दिया।

प्रतिवादी एवं बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) की अध्यक्ष जिया (79) को वादी के अदालत में पेश न होने के बाद बरी कर दिया गया। अगस्त 2016 में, एक पत्रकार ने जिया के खिलाफ फर्जी जन्मदिन मनाने का मामला दर्ज कराया था।

शिकायत में आरोप लगाया गया है कि हालांकि विभिन्न स्रोतों से जिया की पांच अलग-अलग जन्मतिथियां मिली हैं, लेकिन उनमें से कोई भी 15 अगस्त को नहीं थी। इसमें कहा गया है कि इसके बावजूद, वह 15 अगस्त को अपना जन्मदिन मनाती रही हैं, जिस दिन को बंगबंधु शेख मुजीबुर रहमान की हत्या के मद्देनजर 1996 से राष्ट्रीय शोक दिवस घोषित किया गया है। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि बीएनपी नेता इस दिन अपना जन्मदिन केवल बंगबंधु और उनके परिवार की प्रतिष्ठा को धूमिल करने के लिए मनाती हैं।

योगी ने भारत के सैनिकों की वीरता, सतर्कता की सराहना की

लखनऊ/भाषा

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को कहा कि यह वीर जवानों की सतर्कता का ही परिणाम है कि विपरीत परिस्थितियों के बावजूद भारत पूरी ताकत से अपनी सीमाओं की रक्षा करने और बड़ी से बड़ी साजिशों को नाकाम करने में सक्षम है। योगी लखनऊ छावनी के सूर्या खेल परिसर में आयोजित तीन दिवसीय सशस्त्र बल महोत्सव के उद्घाटन समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा, ''हमारे वीर जवान अपनी जान की परवाह किए बगैर देश की सेवा में तत्पर रहते हैं। यही वजह है कि वे जन जनमानस के मन में राष्ट्र नायक के रूप में सम्मान प्राप्त करते हैं।'' इस संबंध में जारी एक बयान के मुताबिक, मुख्यमंत्री कहा, ''हमें गर्व है कि हमारे पास ऐसी सक्षम और समर्पित सेना है, जो हर स्थिति में देश की सुरक्षा करने में सक्षम है। भारत की सेना दुनिया की अद्वितीय सेना है, जिसने सदैव अपनी ताकत, अनुशासन और तकनीकी क्षमता का लोहा न केवल दुश्मनों को मनवाया है, बल्कि देश के अंदर भी सम और विषम दोनों परिस्थितियों में एक सकारात्मक भूमिका के साथ कार्य करते हुए अपना उत्कृष्टतम प्रदर्शन और सहयोग दिया है।''

योगी ने कहा, ''भारत के बहादुर सैनिकों की सजगता का ही परिणाम है कि आज विपरीत परिस्थितियों के बावजूद देश पूरी मजबूती के साथ अपनी सीमाओं की सुरक्षा करने और बड़े से बड़े षड्यंत्र को असफल करने में सक्षम हुआ है। हमारे बहादुर जवानों का शौर्य और पराक्रम 140 करोड़ भारतवासियों को आश्वस्त करता है। यह हमारा सौभाग्य है कि उत्तर प्रदेश वीरों की भूमि है।'' उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार सेवारत, सेवानिवृत्त सैनिकों और वीर नारियों के कल्याण के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है।

योगी ने कहा कि देश की सीमाओं की रक्षा में अपने प्राणों की आहुति देने वाले सैनिकों के परिजनों को राज्य सरकार 50 लाख रुपए की अनुग्रह राशि, सैनिक परिवार के एक सदस्य को उत्तर प्रदेश शासन की शासकीय सेवा में समायोजित करने और शहीद सैनिकों की स्मृति को जीवंत बनाए रखने के लिए उनके स्मारक के साथ उनके नाम पर किसी संस्था का नामकरण करने का कार्य भी कर रही है। उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत रक्षा उत्पादन के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता के लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ा है।

महिंद्रा के क्लासिक लीजेंड्स ने उतारी जावा की नई मोटरसाइकिल

मुंबई/भाषा। महिंद्रा समूह के चेयरमैन आनंद महिंद्रा ने कहा है कि समूह की प्रीमियम मोटरसाइकिल कंपनी क्लासिक लीजेंड्स एक मैराथन दौड़ में शामिल है और वह जावा जैसे पुनर्जीवित ब्रांडों के पुनर्निर्माण में किसी भी चुनौती से निपटेगी।

महिंद्रा ने यहां नई जावा 42 एफजे मोटरसाइकिल की पेशकश के मौके पर कहा कि ब्रांड का निर्माण कहानियों के संकलन से ही होता है। नवीनतम पेशकश की कीमत 1.99 लाख रुपए से शुरू होती है। उन्होंने कहा, ''कहानियों से ब्रांड बनता है। ब्रांड कहानियों के समूह के अलावा कुछ नहीं हैं। वे क्यों बने, कैसे बने। वे कैसे बढ़ते हैं। नए ब्रांड नई कहानियां बताते हैं। और अक्सर सभी पुनर्जीवित ब्रांड भी नई कहानियों को बयां करते हैं।''

महिंद्रा समूह ने अक्टूबर, 2016 में अपनी अनुषंगी कंपनी क्लासिक लीजेंड्स प्राइवेट लिमिटेड के माध्यम से भारत और पूर्व-एशियाई देशों में जावा ब्रांड नाम के तहत मोटरसाइकिल उतारने के लिए लाइसेंसिंग समझौता किया था। उसी साल कंपनी ने ब्रिटिश मोटरसाइकिल ब्रांड बीएसए का भी अधिग्रहण किया। आनंद महिंद्रा ने कहा, ''क्लासिक लीजेंड्स में हमें एक पुराने ब्रांड जावा को नए सिरे से खड़ा करने और नई कहानियां, नया इतिहास बनाने का अवसर मिला है। हम सभी के सामने चुनौतियां हैं, हम सभी इस ब्रांड से मिलने वाले उत्साह का इंतजार कर रहे हैं।'' उन्होंने कहा, ''हम एक मैराथन दौड़ रहे हैं, हम गिर सकते हैं।

बातचीत

नई दिल्ली में मंगलवार को अभिनेत्री जैस्मीन भसीन अपनी आगामी फिल्म 'अरदास सरबत दे भले दी' के प्रचार कार्यक्रम के दौरान बातचीत करती हुई।

उद्घाटन

झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, अपनी पत्नी विधायक कल्पना मुर्मू सोरेन के साथ मंगलवार को बंगला साहिब रोड के पास नवनिर्मित झारखंड भवन के उद्घाटन के दौरान।

वेबसीरीज 'कान्ट किल मी' का टीजर रिलीज

मुंबई/एजेन्सी

वेबसीरीज कान्ट किल मी का टीजर रिलीज हो गया है। 20 वन टेक्नोलॉजी लिमिटेड द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में वेब सीरीज कांन्ट किल मी का टीजर रिलीज किया गया। इस अवसर पर बॉलीवुड अभिनेता अरबाज खान और कान्ट किल मी की कास्ट एंड क्रू के साथ तकनीशियनों की टीम मौजूद थी। इस अवसर पर अरबाज खान ने समीर मलिक के प्रोडक्शन हाउस 20वन टेक्नोलॉजी लिमिटेड की तारीफ़ की और कहा कि समीर मलिक अपने इस नए वेंचर के साथ कई प्रोजेक्ट कर रहे हैं और भविष्य में भी ये बड़े प्रोजेक्ट को लेकर एक बड़ी प्लानिंग कर रहे हैं। समीर मलिक एक बेहद जिंदादिल इंसान हैं और सबको अपने प्रोजेक्ट में भरपूर मौक़ा देते है। समीर मलिक की 20वन टेक्नोलॉजी लिमिटेड के प्रोजेक्ट्स बेहतरीन कन्टेन्ट वाले होंगे और इन्हें दर्शकों का भरपूर प्यार मिलेगा। पूरी टीम बधाई की पात्र है। समीर मलिक ने बताया कि हमने अपने इस प्रोडक्शन हाउस की लॉन्चिंग के लिए जब अरबाज खान से सम्पर्क किया तो वे अपने व्यस्ततम समय में से हमारे लिए लिए समय निकालने के लिए तैयार हो गए। वह लगातार अपने काम मे व्यस्त रहते हैं फिर भी दिल के करीब जिनको मानते हैं उनके लिए वे दिलोजान से हाजिर रहते हैं। हमारी पूरी टीम उनके यहां आने से बेहद खुश और उत्साहित है। हम उनके शुक्रगुजार हैं कि हमारी टीम के एक बुलावे पर वे हमें उत्साहित करने के लिए आ गए। अरबाज भाई बेहद नेकदिल और सोशली एक्टिव रहने वाले इंसान हैं , इनसे आज के युवाओं को प्रेरणा लेनी चाहिए। इसी समारोह में ही फ़िल्म सॉन्ग बनारसी पान की पहली झलक भी लोगों को देखने को मिली । इस अवसर पर रज़ा मुराद ,अनंत गुप्ता ,कायनात खान, संजय भूषण पटियाला ,अली खान, अपूर्वा दत्ता, ज़ारा खान, संगीता तिवारी ,प्रणव वत्स ,नीरज तिवारी ,राज प्रेमी, एहसान खान, दिलीप सेन, सुनील पाल, गुलशन पांडेय समेत कई लोगों ने शिरकत की।

कैमरे का सामना करने के लिए बेहद उत्साहित हूं : सोनम कपूर

मुंबई/एजेन्सी

बॉलीवुड की जानी मानी अभिनेत्री सोनम कपूर का कहना है कि वह कैमरे का सामना करने के लिए बेहद उत्साहित है। बॉलीवुड स्टार सोनम कपूर अगले साल की शुरुआत में अपनी प्रेग्नेंसी के बाद अपने पहले प्रोजेक्ट की शूटिंग शुरू करने के लिए तैयार हैं। यह एक ग्लोबल प्लेटफॉर्म पर स्ट्रीमिंग प्रोजेक्ट होगा। हालांकि, इस प्रोजेक्ट के बारे में अतिरिक्त जानकारी जल्द ही घोषित की जाएगी। सोनम कपूर ने पुष्टि की, मैं अपनी प्रेग्नेंसी के बाद फिर से कैमरे का सामना करने के लिए बेहद उत्साहित हूं। मुझे एक्टर होना पसंद है और अपने प्रोफेशन के

जरिए इतने दिलचस्प किरदारों को जीना पसंद है। इंसान मुझे हमेशा से आकर्षित करते हैं और मुझे अलग-अलग भूमिकाएं निभाना बहुत पसंद है। मैं अपने अगले प्रोजेक्ट का बेसब्री से इंतजार कर रही हूं। सोनम कपूर ने कहा, मैं अगले साल की शुरुआत में सेट पर लौटूंगी। इस प्रोजेक्ट की डिटेल्स अभी तय की जा रही हैं, इसलिए मैं इसके बारे में अधिक जानकारी नहीं दे सकती।

एकता कपूर ने बदल दी अनीता हसनंदानी की जिंदगी

मुंबई/एजेन्सी

अभिनेत्री अनीता हसनंदानी ने खुद पर कंटेंट क्वीन एकता कपूर के आध्यात्मिक प्रभाव के बारे में खुलकर बात की और बताया कि कैसे उन्होंने तिरुपति बालाजी में विश्वास करना शुरू किया। अनीता टीवी होस्ट और रेडियो उद्घोषक सिद्धार्थ कन्नन के पॉडकास्ट पर दिखाई दीं। वीडियो में दिखाया गया कि सिद्धार्थ अनीता से पूछते हैं, एकता बहुत आध्यात्मिक और धार्मिक है...आप भी उतने हो?

अनीता ने जवाब देते हुए कहा, उतनी नहीं हूं, लेकिन उनकी संगत में थोड़ी बहुत हूं। असल में मैंने सिद्धिविनायक मंदिर इसलिए जाना शुरू किया क्योंकि वह जाती हैं। उन्होंने कहा, मुझे तिरुपति बालाजी में आस्था है, क्योंकि वह इसमें आस्था रखती हैं। मैंने अपने जीवन में जो चमत्कार हुए हैं, उन्हें भी देखा है। मैं कुछ स्तर पर आध्यात्मिक हूं।

टीम होम कनेक्ट, गजेंद्र कावड़, राजीव कावड़ एवं टीम आरएस रियलिटी अपने उत्कृष्ट योगदान के लिए एसपीआर इंडिया के निदेशक चेतन बोहरा से पुरस्कार प्राप्त करते हुए।

एसपीआर इंडिया ने उद्योग नवाचारों के साथ 'बिजनेस मीट 2024' की मेजबानी की

चेन्नई/दक्षिण भारत। उद्योग जगत में अग्रणी नाम एसपीआर इंडिया ने ताज कोरोमंडल में अपना पहला बिजनेस मीट आयोजित किया। पारंपरिक 'चैनल पार्टनर मीट' नाम से हटकर एसपीआर इंडिया ने नवाचार के लिए अपनी प्रतिबद्धता पर जोर देने के लिए आयोजन को 'बिजनेस मीट' नाम देने का फैसला किया। चेन्नई, बेंगलूरु, हैदराबाद और कोयंबटूर के 400 से ज्यादा चैनल पार्टनर्स ने इस प्रतिष्ठित समारोह में भाग लिया, जिसमें आगामी परियोजना की विशिष्टताओं को प्रदर्शित करने वाला आकर्षक एलईडी कार्यक्रम पेश किया गया। यह आयोजन एसपीआर इंडिया के लिए एक महत्त्वपूर्ण मुकाम साबित हुआ, क्योंकि यह उद्योग परिदृश्य को आकार देने में निरंतर योगदान दे रहा है।

एसपीआर इंडिया के सीसीओ पंकज ओझा ने कंपनी के नए उद्योग-आधारित नवाचार को कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण बताया। यह अभूतपूर्व पहल, पात्रता के बाद जारी किए गए इनवॉयस के लिए सात कार्य दिवसों के भीतर समय पर भुगतान की गारंटी देकर चैनल पार्टनर पुरस्कारों में क्रांतिकारी बदलाव लाने का वादा करती है। साझेदारों की संतुष्टि को और अधिक सुनिश्चित करने के लिए एसपीआर इंडिया ने एक सुरक्षा नेट लागू किया है, जो विलंबित पेमेंट (यदि कोई हो) पर 12 प्रतिशत वार्षिक ब्याज दर प्रदान करता है।

यह नई संरचना निष्पक्ष और कुशल मुआवजा प्रक्रियाओं के लिए एसपीआर इंडिया की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। इस कार्यक्रम में प्रसिद्ध आर्किटेक्ट संजय जोशी द्वारा लाइव प्रस्तुति और बनाना ब्रांडवर्क्स के संस्थापक मुफदल अली द्वारा ब्रांड के दृष्टिकोण पर एक व्याख्यान भी शामिल था। इसके अलावा, चैनल पार्टनर्स को बेगम्सचॉइस के नाम से प्रसिद्ध प्रमुख डिजिटल मार्केटर और इन्फ्लूएंसर शमशाद बेगम द्वारा प्रोफेशनल डिजिटल मार्केटिंग का संक्षिप्त परिचय दिया गया। बैठक के समापन में दिवंगत पार्टनर्स की स्मृति में भावभीनी श्रद्धांजलि भी अर्पित की गई। एसपीआर इंडिया ने उनके योगदान को स्मृति चिह्नों से सम्मानित किया तथा कंपनी में उनके स्थायी प्रभाव और उनके द्वारा छोड़ी गई विरासत का जश्न मनाया।

इस कार्यक्रम में चैनल पार्टनर्स की उत्कृष्ट उपलब्धियों को मान्यता दी गई। नए और स्थापित पार्टनर्स सहित शीर्ष प्रदर्शन करने वालों को रजत स्मृति चिह्न प्रदान किए गए। इस सम्मान ने उनके असाधारण योगदान और समर्पण का जश्न मनाया, जो शाम का एक महत्त्वपूर्ण क्षण था। कुल मिलाकर, यह आयोजन एक शानदार सफलता थी, जो नवाचार, सम्मान और मान्यता के प्रति एसपीआर इंडिया के समर्पण को दर्शाता है और उद्योग में एक नया मानक स्थापित करता है।

सीआरईएए कनेक्शन प्वाइंट के अध्यक्ष यासर रहमान ने कहा कि परियोजना का प्रस्तुतीकरण प्रभावशाली था और इससे मैं उन संभावनाओं के बारे में उत्साहित हूं, जो 'स्काई प्रोजेक्ट' रियल एस्टेट उद्योग में लाएगा। यह कार्यक्रम सचमुच यादगार था, विशेषकर वह मार्मिक क्षण जब हमने दिवंगतों को याद किया, जिसने अनुभव को भावनात्मक गहराई प्रदान की। यह एक सुव्यवस्थित कार्यक्रम था, जिसने एसपीआर सिटी की उत्कृष्टता के लिए प्रतिबद्धता को प्रदर्शित किया। मेडसी वीपी टीएनआरईसीए श्रीनिवासन ने कहा कि आगामी कॉस्मो टॉवर और नई योजना की घोषणा से चैनल पार्टनर बिरादरी को अधिक से अधिक ग्राहकों को मंच पर लाने के लिए प्रोत्साहन मिलेगा। यह व्यावसायिक बैठक ज्ञानवर्धक एवं अनुभव को समृद्ध करने वाली थी। आर्किटेक्ट की प्रस्तुति जानकारी बढ़ाने वाली थी। हम इस कार्यक्रम के दौरान किए गए प्रयासों की सराहना करते हैं।

RNI No. 58061/93. Regn No.: RNP/KA/BGS/2050/2018-2020
Posted at Bengaluru PSO
Mysore Road Bengaluru-560 026.

'र वाटिका के पंडाल में पर्युषण महापर्व के चौथे दिन धर्मसभा को संबोधित करते हुए जैनाचार्य विमलसागरसूरीश्वरजी ने कहा कि वस्तुपाल तेजपाल ने गुजरात में शांति और सौहार्द के लिए विशेष प्रयास किये थे।

वर्तमान जीवन शैली से उत्पन्न तनाव का समाधान है सामायिक साधना : साध्वीश्री सिद्धप्रभा

सामायिक दिवस का विजयनगर में हुआ विराट आयोजन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। स्थानीय तेरापंथ युवक परिषद विजयनगर, राजाजीनगर, एचबीएसटी हनुमंतनगर, राजराजेश्वरीनगर, यशवंतपुर ने सामूहिक रूप में विजयनगर स्थित अर्हम भवन में साध्वीश्री सिद्धप्रभाजी के सान्निध्य में पर्युषण के तृतीय दिन सामायिक दिवस के अवसर पर अभिनव सामायिक का आयोजन किया। साध्वीश्री ने कहा कि वर्तमान समय में हर व्यक्ति तनाव, मानसिक परेशानियों से गुजर रहा है, सामायिक के दौरान एक घंटे का समय पर से स्व की और ले जाएगा। सामायिक का तात्पर्य है अपने में रमण करना, अपने साथ जीना। सामायिक से बाहर और भीतर का संतुलन स्थापित होता है तथा सही दृष्टिकोण का निर्माण होता है। सामायिक धर्म की निष्पति है। भगवान महावीर ने सामायिक के महत्व की देशना प्रदान करते हुए सामायिक के दो प्रकार द्रव्य और भाव सामायिक का विवेचन किया। अभिनव सामायिक की शुरुवात आचार्य श्री तुलसी ने जन सामान्य में एकरूपता से समता की साधना के विकास हेतु की। साध्वीश्री आस्थाप्रभाजी ने भगवान महावीर की भव परम्परा का वर्णन किया तथा अभिनव सामायिक के अंतर्गत निर्धारित त्रिपदी वंदना, जप, ध्यान, स्वाध्याय के क्रमशः प्रयोग कराएं।

कार्यक्रम में तेरापंथ युवक परिषद् की विभिन्न शाखाओं के सदस्यों ने सामूहिक मंगलाचरण गीत प्रस्तुत किया। तेयुप राजाजीनगर के कमलेश चौरडिया, हनुमंतनगर अध्यक्ष कमलेश झाबक, राजराजेश्वरीनगर अध्यक्ष बिकास छाजेड़ , यशवंतपुर अध्यक्ष महावीर गन्ना की ओर से विजयनगर तेयुप अध्यक्ष कमलेश चोपड़ा ने उपस्थित मुख्य अतिथि युवा गौरव विमल कटारिया सहित अभातेयुप, सभा, परिषद, अणुविभा, टीपीएफ, महिलामंडल सभी सदस्यों का स्वागत किया। विजयनगर शाखा प्रभारी रोहित कोठारी, राष्ट्रीय प्रभारी राकेश दक ने सामायिक के लाभ बताए। अभातेयुप वरिष्ठ उपाध्यक्ष पवन मांडोत ने सामायिक द्वारा समता की साधना से जीवन में बदलाव की बात कही तथा युवाओं को सामायिक अभ्यास की प्रेरणा दी। कार्यक्रम से पहले सामायिक हेतु हनुमानमलज संजय मनोज बैद परिवार की ओर से सामायिक सामग्री का वितरण किया गया। अभिनव सामायिक में टीपीएफ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष हिम्मत मांडोत, अणुविभा के राष्ट्रीय संगठन मंत्री राजेश चावत, तेरापंथी सभा विजयनगर अध्यक्ष मंगल कोचर सहित अनेक पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित थे। सामायिक में श्रावक श्राविका समाज ने लगभग 950 से अधिक सामायिक का अभ्यास किया। संयोजक रोनक चौरडिया, सहसंयोजक मनीष सामसुखा, विकास बेगवानी का विशेष श्रम रहा। मंत्री संजय भटेवरा ने मंच संचालन एवं आभार ज्ञापित किया ।

अपनी स्वयं की आत्मा में रहना ही सच्ची सामायिक है : साध्वी उदितयशा

तेयुप बेंगलूरु ने आयोजित की अभिनव सामायिक

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। तेरापंथ युवक परिषद बेंगलूरु द्वारा गांधीनगर तेरापंथ भवन में अभातेयुप के प्रबुद्ध विचारक दिनेश पोखरणा की अध्यक्षता में अभिनव सामायिक का आयोजन किया गया। श्रावक निष्ठा पत्र का वाचन दिनेश पोखरणा ने किय। तेयुप अध्यक्ष विमल धारीवाल ने सभी का स्वागत किया। शाखा प्रभारी अमित दक ने संस्कृत के श्लोक के माध्यम से सामयिक के महत्व को उजागर किया। पर्युषण पर्व के तृतीय दिवस को अभिनव सामायिक के प्रयोग के साथ मनाया गया। मंत्री राकेश जैन ने त्रिपदी वंदना का प्रैक्टिकल प्रयोग करके दिखाया। द्वितीय चरण में जप से उत्पन्न शक्ति को संचित करने के लिए ध्यान का प्रयोग साध्वी संगीतप्रभाजी ने करवाया। इसके साथ ही त्रिगुप्ति गुप्ती की साधना का प्रयोग कुछ सेकेंड के लिए करवाया। मुख्य प्रवचन में साध्वी उदितयशाजी ने सामायिक की आराधना की व्याख्या करते हुए भगवान महावीर के मरीचि भव की सुंदर व्याख्या की। साध्वीश्री ने कहा कि अपनी स्वयं की आत्मा में रहना है सच्ची सामायिक है। साध्वी शिक्षाप्रभाजी ने सामायिक दिवस पर लोगों को प्रेरणा देते हुए कहा कि अपने पुराने मित्र 'मैं नहीं कर सकता' से परिचित कराया। इस मित्र को छोड़कर 'मैं कर सकता हूं' वाले मित्र को साथ रखने का आह्वान किया। उन्होंने शुद्ध सामायिक करने वाले मिश्रीमल सुराणा, विजयचंद पटवा, मोहनलाल खटेड़ आदि के माध्यम से सभी को शुद्ध सामायिक करने की प्रेरणा दी। तेयुप प्रबंध मंडल, सदस्य, कशोर मंडल सहित अनेकों ने सामायिक का प्रत्याख्यान किया। कार्यक्रम में तेरापंथ सभा, महिला मंडल एवं सभी संघीय संस्थाओं का संपूर्ण सहयोग प्राप्त हुआ। कार्यक्रम का संचालन तेयुप मंत्री राकेश चौरडिया ने किया।

संस्कृति और प्रजा की रक्षा में जैन श्रेष्ठिकों का महत्वपूर्ण योगदान : आचार्यश्री विमलसागरसूरी

पर्युषण महापर्व में प्रभु महावीरस्वामी का जन्मोत्सव आज

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

मैसूरु। स्थानीय नजरबाद स्थित बुद्धि-वीर वाटिका के पंडाल में पर्युषण महापर्व के चौथे दिन धर्मसभा को संबोधित करते हुए जैनाचार्य विमलसागरसूरीश्वरजी ने कहा कि वस्तुपाल तेजपाल ने गुजरात में शांति और सौहार्द के लिए विशेष प्रयास किये थे। देश और राज्यों के वर्तमान सभी नायकों को भेदभाव रहित प्रामाणिक नीति अपनाकर, सबके प्रति सद्भाव रखते हुए सबकी भलाई का सोचना चाहिए, यही लोकतंत्र की खरी सफलता है। आज तो सभी राजनीतिक पार्टियों की नजर अपने अपने वोटबैंक पर रहती है। ऐसी स्थिति में न्याय पूर्वक शासन नहीं हो सकता। वस्तुपाल और तेजपाल के शासन में कतार में आखिर में खड़े व्यक्ति के प्रति भी न्याय होता था। जहां सांप्रदायिक मानसिकता और भ्रष्टाचार हों, वहां ऐसी आशा रखना बेमानी है। आचार्य विमलसागरसूरीश्वरजी ने कहा कि तत्कालीन गुजरात में मुसलमानों की संख्या भी काफी थी। वस्तुपाल तेजपाल ने उनके लिए 84 मस्जिदें बनाकर दी थीं। लोकजीवन में रहकर इतना सब करते हुए भी वे अपने धर्म, सदाचार, संस्कृति और शाकाहार को पूरी तरह समर्पित थे। अपनी कार्य कुशलता से उन्होंने राजा विशल के शासन काल को सशक्त बनाया था। श्रीमंत बनने या स्वार्थ सिद्धि के लिये सत्ता का थोड़ा भी दुरुपयोग नहीं करने का उनका दृढ़ संकल्प था। आज तो राजनीति पैसे कमाने का जरिया बन गई है। सर्वथा अयोग्य व्यक्ति भी राजनीतिक पद पर आकर पांच वर्षों में बड़ा धनवान बन जाता है। यह राष्ट्र और प्रजा के प्रति न्याय नहीं, घोर अपराध है। लोग धर्म और संप्रदाय को हथियार के रूप में उपयोग में ले रहे हैं। आचार्य विमलसागरसूरीश्वरजी ने कहा कि आज देश में सांप्रदायिक कट्टरता चरम पर है। प्रजा के साथ राजनीतिज्ञों के संबंध वोट बैंक के बचे हैं। जहां देखो वहां, नैतिक मूल्यों का निरंतर ह्रास हो रहा है। वर्तमान युग में कोई किसी पर जल्दी विश्वास करने को तैयार नहीं है। अच्छाईयों के प्रति जनसामान्य की आस्था टूटती जा रही है।

ऐसे दौर में गुजरात के तत्कालीन महामंत्री वस्तुपाल, सेनापति तेजपाल और मुम्बई के मोतीशा जैसे जैन श्रेष्ठियों के योगदान को याद किया जाना चाहिए। स्वयं जैनधर्मी होते हुए भी उन्होंने हिन्दू, मुसलमान, बौद्ध और दलित, सभी जाति-वर्गों की भलाई के लिये पूरी निष्ठा और प्रमाणिकता से अपने कर्तव्यों को निभाया था। कल्याण मित्र वर्षावास समिति के कांतिलाल चौहान ने बताया बुधवार को जैन धर्म के चौबीसवें तीर्थंकर महावीरस्वामी का जन्मोत्सव भव्यता से मनाया जाएगा।

'समता से प्राप्त होती है सामायिक'

तेयुप टी दासरहल्ली से आयोजित की अभिनव सामायिक

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। तेरापंथ युवक परिषद टी.दासरहली तेरापंथ भवन में जैन प्रमुख पर्व पर्युषण महापर्व के तीसरे दिन अभिनव सामायिक का आयोजन हुआ। उपासक मांगीलाल पितलिया,नैनमल कोठारी की उपस्थिति में सामायिक आराधना की गई। तेयुप के पूर्व अध्यक्ष मुकेश चावत, कन्हैयालाल गांधी ने विजय गीत का संगान किया।

सभा ट्रस्ट अध्यक्ष भगवतीलाल मांडोत ने श्रावक निष्ठा पत्र का वाचन किया। अध्यक्ष कन्हैयालाल गांधी ने सभी का स्वागत किया। उपासक नैनमल कोठारी ने अभिनव सामायिक अनुष्ठान में कहा कि भारत की अध्यात्म परंपरा में सभी धर्मों का सार है संतुलित जीवन-शैली। यह समता से प्राप्त होती है उसका प्रयोगात्मक अनुष्ठान है सामायिक। सामायिक में व्यक्ति 48 मिनट के लिए सांसारिक सभी कार्यों से उपरत होकर स्वाध्याय,जप एवं ध्यान साधना से शुभ भावों मे रमण करता है। इस सामायिक अनुष्ठान में कर्म बंधन की प्रवृति बंद हो जाती है, इसलिए कहां जाता है कि सामायिक में श्रावक सीमित समय के लिए साधुता का उदाहरण बन जाता है।

अभिनव सामायिक अनुष्ठान में ज्ञानशाला प्रशिक्षिका द्वारा त्रिपदी वंदना करवाई गई। अभिनव सामायिक के आयोजन पर परिषद शाखा प्रभारी एवं मुख्य अतिथि गौतम खाब्या, परामर्शक लादुलाल बाबेल ने अपने विचार व्यक्त किए। अभातेयुप परिवार से श्री विनोद मुथा, कमलेश गन्ना की विशिष्ट उपस्थिति रही। सभा ट्रस्ट, महिला मंडल, युवक परिषद के सदस्यों की सहभागिता रही। कार्यक्रम का संचालन मंत्री शुभम बाबेल ने किया। कार्यक्रम का समापन उपासक मांगीलाल पितलिया के मंगलपाठ से हुआ।

पर्वों में सर्वश्रेष्ठ है पर्युषण महापर्व : मुनिश्री मलयप्रभसागर

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। शहर के जिनकुशलसूरी जैन दादावाड़ी ट्रस्ट में चातुर्मासार्थ विराजित मुनिश्री मलयप्रभसागरजी ने पर्युषण पर्व के चतुर्थ दिवस पर कहा कि जिस तरह तीर्थ में सर्वश्रेष्ठ सिद्धाचल तीर्थ है इसी तरह पर्वों में सर्वश्रेष्ठ पर्युषण महापर्व है। जो स्वयं राग द्वेष को जीत चुके हैं उन्हें हमें भावपूर्वक वंदना करनी है। हमारे सबसे आसन्न उपकारी परमात्मा तीर्थंकर महावीर है। महावीर की आत्मा और हमारी आत्मा एक जैसी है। महावीर ने ऐसी साधना की जिससे वह राग द्वेष से मुक्त हो गए और सम्यक्त्व प्राप्त होने के पश्चात उनके 27 भावों का वर्णन शास्त्रों में आता है। जिसने आदिनाथ, नेमिनाथ, पार्श्वनाथ और महावीर परमात्मा के जीवन को पूरी तरह से जान लिया हो वह व्यक्ति कभी भी गलती नहीं करेगा। कर्मों के परिणाम किसी को भी नहीं छोड़ते हैं, हमें कोई भी प्रवृत्ति करने से पूर्व कर्म राजा के बारे में विचार करना है। कर्मों के प्रतिफल से कोई नहीं बच सकता है। कर्मों की लीला हमें भगवान महावीर के जीवन से समझनी है। द्वेष के कारण भवों भवों तक भटकने की कहानी भगवान पार्श्वनाथ के जीवन चरित्र से हमें समझनी है। राग की परंपरा को हमें भगवान नेमिनाथ के जीवन से समझना है।

संतश्री ने कहा कि कर्मों के बंध के समय का रस और प्रकृति से उसका परिणाम प्राप्त होता है। कर्मबंध के समय तो हम दुखी नहीं होते लेकिन जब कर्मों का फल उदय में आता है तब हम अत्यंत दुखी हो जाते हैं। इसलिए कर्मों के बंध के समय हमें बहुत ही जागृत रहना है। जैसी हमारी दृष्टि होगी वैसी ही हमें सृष्टि नजर आएगी। हमें जैसा निमित्त मिलेगा वैसी ही हमारी प्रवृत्ति हो जाएगी और हमारा मन के भाव परिवर्तित हो जाएंगे। दादावाड़ी ट्रस्ट में बुधवार को त्रिशला माता के चौदह स्वप्नों का वर्णन और दर्शन सकल संघ को करवाने के पश्चात परमात्मा महावीर का पालना निहालचंद, लालचंद सोनीगरा परिवार के यहां बुधवार को चतुर्विध संघ के साथ गाजते बाजते जाएगा और उनके निवास स्थान पर परमात्मा की भक्ति आयोजित की गई है।

सहयोग

दक्षिण भारत राष्ट्रमत

बेंगलूरु के मारुति मेडिकल्स द्वारा संचालित विद्या सुरक्षा योजना के तहत मुलबागल के सरकारी विद्यालय में महेन्द्र मुणोत ने 200 से ज्यादा विद्यालयों के विद्यार्थियों को पाठ्य पुस्तक वितरित की। वीरणा गौड़ा के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुणोत ने कहा कि भारत की संस्कृति में शिक्षक का दर्जा भगवान के तुल्य है। माता-पिता बड़ी ही श्रद्धा एवं विश्वास के साथ अपने बच्चों को शिक्षकों के हाथों सौंपते हैं, शिक्षकों का यह कर्तव्य बनता है कि वह उन बच्चों को शिक्षा के साथ अच्छे संस्कारों से पोषित कर अच्छा इंसान बनाएं।

'प्रभु श्रीकृष्ण की कथनी और करनी में विवेक था'

बेंगलूरु/दक्षिण भारत। स्थानीय श्वेतांबर स्थानकवासी जैन श्रावक संघ अलसूर के तत्वावधान में पर्युषण पर्व प्रसंग पर महावीर भवन में परंपरागत अंतगड दशा सूत्र का वाचन और विवेचन करते हुए स्वाध्यायी अभयकुमार बांठिया ने कहा कि माता पिता को चरण वंदन एवं भक्ति हमारी प्राचीन संस्कृति है। माता पिता साक्षात देव तुल्य होते हैं और उनको चरण स्पर्श से वे भाव विभोर हो जाते हैं और बदले में अनंत रहस्य से संपन्न आशीर्वादों की बौछार होती हैं। प्रभु श्री कृष्ण स्वयं अपनी माताओं को नित्य प्रणाम करते थे।

उनके पास बैठते थे और उनके सुख दुख का पूरा ध्यान रखते थे। श्री कृष्ण महापुरुष थे। इतने विशाल साम्राज्य के अधिपति भी मां के चरणों को पूज्य समझते थे, क्योंकि माता पिता कभी भी अपनी संतान से स्वार्थ की अपेक्षा नही रखते हैं। मात्र दो पल की अपेक्षा रखते हैं। वे देना जानते हैं। वे कुछ भी लेना नही चाहते हैं। श्री कृष्ण विवेक संपन्न महापुरुष थे। उनकी कथनी और करनी में विवेक था। इसी कारण आज वे सभी के आदर्श और अनुकरणीय है। मंगल पाठ और प्रत्याख्यान के साथ विवेचन संपन्न हुआ।

दक्षिण भारत राष्ट्रमत

मानवसेवा

अमावस्या व पर्युषण पर्व के दौरान मंगलवार को पूर्वी प्लाजा के बेंगलूर जैन सेवा मंडल के सदस्यों ने मानव सेवा के अंतर्गत मागड़ी रोड स्थित गांधी ओल्ड एज होम में रह रहे वृद्धों के लिए आश्रम प्रबंधन को जरूरत की सामग्री सुपुर्द की। गांधी ओल्ड एज होम के सचिव उग्रैय्या को उनकी मानवसेवा कार्य के लिए जैन सेवा मंडल के उपाध्यक्ष दिलीप जैन ने सम्मान किया।

स्वयं की आलोचना करना और स्व राग दोषों पर ध्यान देना ही सच्चा पर्युषण : साध्वीश्री धर्मप्रभा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। स्थानीय वर्धमान स्थानकवासी जैन श्रावक संघ हनुमंतनगर के तत्वावधान में साध्वीश्री धर्मप्रभाजी के सान्निध्य में पर्युषण पर्व के तृतीय दिवस को 'मैत्री दिवस' के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर साध्वीश्री ने कहा कि यह पर्व आत्म साधना की उत्कृष्ट स्थिति का ज्ञान कराता है। यह उत्तम मांगलिक एवं आत्मशुद्धि की उपासना का सन्देश देता है। आत्मा को राग से वीरागता, क्रोध से क्षमा, द्वेष से स्नेह, मान से विनय, माया से सरलता, लोभ से संतोष और विषमता से समता की ओर अग्रसर कराने वाला महापर्व है। भावों की निर्मलता व विश्वकल्याण की भावना से पर्व की आराधना करें। सभी प्राणियों के सुख व कल्याण की कामना करें ।

उदारता, कोमलता व सहिष्णुता के उत्कृष्ट भावों से हृदय को स्वच्छ - पवित्र, शुद्ध बनायें तभी इस पर्व को मनाने की सच्ची सार्थकता सिद्ध होगी। यह पर्व हमें यही संदेश देता है कि दूसरों के गुण-दोष अथवा उनकी बातों या गुप्त बातों की ओर ध्यान न देकर स्वयं अपनी आलोचना करना अपने राग दोषों पर ध्यान रखना ही अधिक लाभकारी होता है। यही सच्चा पर्युषण है।

साध्वीश्री स्नेहप्रभाजी ने अंतगढ सूत्र का मधुर शैली में वांचन एवं विवेचन प्रस्तुत करते हुए श्रीकृष्ण के लघु सहोदर भाई गजसुकुमाल के संयम लेने के पूर्व एवं बाद के प्रेरक कथानक पर प्रकाश डाला।

मैत्री दिवस के बारे में चर्चा करते हुए कहा कि सच्ची मैत्री वो होती है जिसमें छोटा-बड़ा ऊंच- नीच, गरीब और अमीर का कोई भेद नहीं होता है। सच्चा मित्र तो प्रिय बंधुजनों से भी बढ़कर होता है। विपदा की बड़ी में जो साथ न छोड़े वही वास्तव में सच्चा मित्र होता है। सच्चा मित्र वो होता है जो आपत्ति के समय भी अपने मित्र का साथ नहीं छोड़ता है और संकट के समय उसके काम आता है। गुरुवार को मध्यान्ह में दो बजे से भगवान महावीर स्वामी का जन्म वांचन होगा। सामायिक दिवस के लाभार्थी सुरेश छल्लानी परिवार एवं सहजोडे जाप के लाभार्थी मांगीलाल बोहरा परिवार का संघ अध्यक्ष गौतमचंद सिंघवी, धनपतराज़ धारीवाल, हेमंत लुंकड़, कुशलराज छाजेड़, महावीर बोहरा , मुकेश ढलेरिया, महावीर बुबकिया ने सम्मान किया। संचालन सुरेश कुमार धोका ने किया ।

सम्मान

दक्षिण भारत राष्ट्रमत

मैसूरु के राजस्थान विष्णु समाज के नवयुवक मंडल के उपाध्यक्ष पद पर चुने जाने पर पंकज पारीक का भारतीय जनता पार्टी चामराज विधानसभा क्षेत्र के अध्यक्ष दिनेश गौड़ा, चामुंडेश्वरी विधानसभा क्षेत्र के अध्यक्ष रविकुमार, शहर के महासचिव वाणिश कुमार,चामराजा क्षेत्र के सचिव रामेगौड़ा ने सम्मान किया।

।। श्री चिंतामणि पार्श्वनाथाय नमः।।

परमात्मा महावीरस्वामी के पालनाजी को झूलाने एवं प्रभु दर्शन हेतु

सकल श्रीसंघ को भाव भरा आमंत्रण

प्रगट प्रभावी स्फटिकरत्न श्री चिंतामणि पार्श्वनाथ दादा एवं श्री पार्श्व पद्मावती देवी के उपासक सूरी मंत्र के धारक समकीत सम्राट परम पूज्य आचार्य श्री विजय प्रभाकसूरीश्वर जी महाराज साहब की कृपा से एवं साध्वीश्री नयदर्शाजी म.सा. के आशीर्वाद से और सकल संघ की उदारता से प्रभु महावीर स्वामी के पालना जी को हमारे निवास में लाने का सौभाग्य हमें प्राप्त हुआ है।

परमात्मा की भक्ति भावना
बुधवार 4.9.2024 को शाम 8:00 बजे से 10:00 तक
संगीतकार पंकज श्रीमाली, उमेश भंडारी और सुरेश एंड पार्टी द्वारा कराई जाएगी

पालना महोत्सव स्थल : नरेशकुमार बंबोरी निवास
हनुमानजी मंदिर के सामने, महालक्ष्मी लेआउट, बेंगलूरु
संपर्क महेन्द्र बंबोरी 9663857481, सुनील बंबोरी 8197409010

प्रभु भक्ति में आप सब ज्यादा से ज्यादा संख्या में पधार कर दर्शन एवं भक्ति का लाभ लेवे

निवेदक : नरेशकुमार, महेन्द्रकुमार, सुनीलकुमार
बम्बोरी परिवार, महालक्ष्मी लेआउट, बेंगलूरु

Printed& Published by Devendra Sharma on behalf of owners M/s. New Media Company, 6/4 , Ist floor, Cantonment station road, Bengaluru-51 and printed at Dinasudar Printing Division, 116, Queens Road, Bengaluru-560052. **Editor-Shreekant Parashar**, (*Responsible for selection of news under PRB Act.) Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any such manner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.
HEAD OFFICE : DAKSHIN BHARAT RASHTRAMAT, New Media Company, 6/4, Cantonment Station Road, Bangalore 560051. Editorial : 080-25363030 / 9945488003. For Advertisement : 9945488002 - email : news@dakshinbharat.com